RNI: UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लु/एन पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 261
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, सोमवार, 15 जनवरी, 2024

# द अचीवर टाइम्स



# राम काज में लगा देश का कोना-कोना

# एमपी से पांच लाख लड्डू तो यूपी से अष्टधातु का घंटा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा होनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां पहुंचकर नए मंदिर में भगवान के बाल रूप की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। इस समय राम नगरी में राम नाम की गूंज है। रामलला के आगमन से पहले यहां उमंग और उत्सव का माहौल है। वहीं, अयोध्या के बाहर देशभर में तैयारियां जोरों पर हैं। देश के तमाम हिस्सों से राम लला के लिए उपहार और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सामग्रियां भेजी जा रही हैं। अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर में 2100 किलो अष्टधातु का घंटा स्थापित किया जाएगा। पूरे परिसर में लगने वाला यह सबसे बड़ा घंटा होगा। 2100 किलो वजन का यह घंटा अष्टधातु से बनाया गया है। इससे निकलने वाले आवाज अद्भुत होगी। जो दूर-दूर तक लोगों को सुनाई देगी। घंटा निर्माण में करीब 25 लाख रुपये की लागत आई है। आकार में यह छह फीट ऊंचा और पांच फीट चौड़ा है। करीब चार साल में एटा के जलेसर में इस विशाल घंटे का निर्माण किया गया है। घंटे के दर्शन, पूजन करना का बाद 8 जनवरी को इसे अयोध्या पहुंचा दिया गया।

मध्य प्रदेश के उज्जैन से पांच लाख लड्डू श्री राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर भेजे जाएंगे। इसको लेकर पिछले दिनों ही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश दिए थे। महाकालेश्वर मंदिर परिसर में लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई में शुद्ध देशी घी और सूखे मेवे के पांच लाख लड्डू तैयार किए जा रहे हैं। इसका वजन करीब 250 क्विंटल बताया जा रहा है। ये लड्डू 80 क्विंटल घी, 90 क्विंटल शक्कर, 70 क्विंटल चना दाल, 20 क्विंटल रवा, 10 क्विंटल रवा, पांच क्विंटल किशमिश और एक क्विंटल इलायची से बनाए जा रहे हैं। 16 जनवरी को तीन ट्रकों से लड्डू अयोध्या भेजे जाएंगे।




भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य तैयारियां की जा रही हैं। 30 दिसंबर 2023 को 11 ट्रकों से तीन हजार क्विंटल चावल भेजा गया था। राज्य के राइसमिलर्स एसोसिएशन की तरफ से यह चावल भेजा गया है, जिसके लिए अयोध्या राम मंदिर समिति के पदाधिकारी चंपत राय ने इन्हे पत्र लिखा था। सभी 33 जिलों से चावल जुटाया गया है। इसमें राज्य की सबसे अच्छी किस्म का चावल भी शामिल है। 22 जनवरी के दिन इस चावल का इस्तेमाल भगवान श्रीराम के महाभंडारे में होगा। जानकारी के अनुसार, चावल भेजने के बाद राज्य से 100 टन सब्जी भी भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बीते दिनों राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के सदस्यों ने मुलाकात की। इस दौरान किसानों ने 100 टन सब्जी अयोध्या भेजने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री साय ने किसानों के इस प्रयास पर मुहर लगा दी है। जल्द ही किसान सब्जी इकट्ठा कर भगवान राम की नगरी अयोध्या भेजेंगे।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए राजस्थान में जयपुर से सरसो के तेल के 2100 पीपे अयोध्या भेजे गए हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यात्रा को भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। जानकारी के मुताबिक, सीता रसोई में बनने वाला प्रसाद जयपुर के चांदपोल स्थित गंगा माता मंदिर से भेजे गए तेल-घी से बनेगा। यह तेल रामलला के दर्शन करने वाले भक्तों के लिए प्रसादी बनाने के लिए उपयोग किया जाएगा। तेल को बनाने में देशभर से कच्ची सरसो मंगवाई गई है। सरसो की विविधता को बढ़ावा देने के लिए इस कच्ची सरसो का उपयोग किया जा रहा है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए गुजरात के बड़ोदरा से 108 फीट लंबी धूपबत्ती अयोध्या भेजी गई है। बुधवार को धूपबत्ती रामनगरी पहुंची और इसे ट्रस्ट को सौंप दिया गया। बताया गया कि ये देसी गाय के गोबर, घी और धूप सामग्री सहित अनेक जड़ी बूटी से तैयार की गई है और इसकी सुगंध करीब 50 किमी तक फैलेगी। धूपबत्ती 3,610 किलो की है। बताया जा रहा है कि प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही ये करीब डेढ़ महीने तक जलेगी। सूरत शहर में तैयार की गई एक विशेष साड़ी मंदिर अधिकारियों को भेजी जाएगी। भगवान राम और अयोध्या मंदिर की तस्वीरों वाली साड़ी सीता जी के लिए है और इसका पहला टुकड़ा रविवार को सूरत के एक मंदिर में चढ़ाया गया। सूरत के ही एक हीरा व्यापारी ने 5,000 अमेरिकी हीरे और दो किलो चांदी का उपयोग करके राम मंदिर की थीम पर एक हार बनाया है। 40 कारीगरों ने 35 दिनों में डिजाइन पूरा किया और हार को राम मंदिर ट्रस्ट को उपहार में दे दिया गया है।

नागपुर में रहने वाले शेफ विष्णु मनोहर ने घोषणा की है कि वह प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले भक्तों के लिए 7,000 किलोग्राम राम हलवा तैयार करेंगे।

हैदराबाद के 64 वर्षीय चल्ला श्रीनिवास शास्त्री सोने की परत चढ़े चरण पादुका भेंट करने के लिए लगभग 8,000 किमी की दूरी तय करके पैदल ही अयोध्या पहुंचे हैं। शास्त्री के मुताबिक, यह उनके कारसेवक पिता का सपना था, जिसे उन्होंने पूरा किया है।

तिरूपति में श्री वेंकटेश्वर मंदिर अयोध्या में भक्तों के लिए एक लाख लड्डू भेजेगा। इसकी घोषणा मंदिर समिति तिरुमला तिरूपति देवस्थानम (टीटीडी) ने की है।

## मंगेतर से परेशान युवती ने दी जान

**बदायूं।** बदायूं के वजीरगंज इलाके में 21 वर्षीय युवती अर्चना ने मंगेतर से परेशान होकर शनिवार सुबह अपने घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। उसके परिजनों का कहना है कि अर्चना की शादी सीआईएसएफ के एक जवान से तय की थी। मंगनी में 20 लाख का सामान और चंदौसी में एक प्लॉट लेकर दिया था। 11 मार्च को शादी होना तय हुई थी। अर्चना के पिता की तहरीर पर पुलिस उसके मंगेतर समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया सतासी निवासी संजीव सिंह का कहना है कि उन्होंने कुछ समय पहले बेटी अर्चना की शादी इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव भगवंतपुर निवासी सीआईएसएफ के जवान अमनदीप से साथ तय की थी। रिश्ता पक्का हो जाने पर अमनदीप और उसके परिजनों ने जो दहेज मांगा था, वह देना शुरू कर दिया। अर्चना और अमनदीप के नाम चंदौसी में करीब 20 लाख रुपये का एक प्लॉट खरीदकर दे दिया। 20 अक्तूबर 2023 को बिसौली के एक लॉन में मंगनी की रस्म की गई। इसमें करीब 20 लाख का सामान दिया।

## एक नज़र

### मणिपुर में गरजे राहुल गांधी प्रधानमंत्री आपके आंसू पोंछने, आपसे गले लगने नहीं आए



**इंफाल।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी सांसद राहुल गांधी ने मणिपुर के थौबल से भारत जोड़ो न्याय यात्रा को हरी झंडी दिखाई। यात्रा 67 दिनों में 110 जिलों से होकर 6,700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि 2004 से मैं राजनीति में हूं, पहली बार मैं हिंदुस्तान के एक प्रदेश में गया, जहां शासन व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी, जिसे हम मणिपुर कहते थे वह मणिपुर रहा ही नहीं, लेकिन प्रधानमंत्री आपके आंसू पोंछने, आपसे गले लगने नहीं आए।

### पवित्र डुबकी आज रात, अब तक पहुंचे 45 लाख श्रद्धालु

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के बिजली, आवास, युवा मामले और खेल विभाग के मंत्री अरूप विश्वास ने कहा है कि गंगा सागर मेले में पवित्र स्नान का पूण्यकाल रविवार रात को 12.13 बजे शुरू होगा और यह सोमवार दोपहर 12.13 बजे तक रहेगा। उन्होंने कहा कि गंगा सागर मेले में 45 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि पवित्र स्नान के लिए सुरक्षा सहित सारे इंतजाम कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान सरकार और प्रशासन पूरी तरह से यहां पर तैनात रहेगी।

### डीआईजी के आदेश पर जलेसर कोतवाल को किया गया लाइन हाजिर

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा में डीआईजी के आदेश पर जलेसर थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इन पर अलीगढ़ में तैनात पुलिसकर्मी सुखपाल सिंह का जमीन कब्जा करने के मामले में साथ देने का आरोप है। मामले में आरोपी सुखपाल सिंह के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बताते चलें कि पुलिसकर्मी सुखपाल सिंह की शिकायत शनिवार को डीआईजी से की गई थी।

# मिलिंद देवड़ा ने छोड़ा हाथ का साथ

एजेंसी




**मुंबई।** मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस छोड़ने की अटकलें बीते कई दिनों से चल रहीं थी। हालांकि उन्होंने इसे अफवाह बताकर कांग्रेस छोड़ने की बात से इनकार किया था।

वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे के थोड़ी देर बाद ही वे शिवसेना में शामिल हो गए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी का दामन थामा। आगामी लोकसभा चुनाव में देवड़ा के शिवसेना के टिकट पर दक्षिण मुंबई सीट से चुनाव लड़ने की भी चर्चाएं हैं। इससे पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर मिलिंद देवड़ा ने लिखा कि आज वह अपनी राजनीतिक यात्रा के अहम अध्याय का अंत कर रहे हैं। मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है, साथ ही कांग्रेस पार्टी से अपने परिवार के 55 साल पुराने रिश्ते का भी अंत कर रहा हूं। मैं सभी नेताओं, सहयोगियों और पार्टी कार्यकर्ताओं का उनके इतने सालों के समर्थन के लिए शुक्रगुजार हूं।

गौरतलब है कि मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस छोड़ने की अटकलें बीते कई दिनों से चल रहीं थी। हालांकि उन्होंने इसे अफवाह बताकर कांग्रेस छोड़ने की बात से इनकार किया था। मिलिंद देवड़ा ने ये बात स्वीकार की थी कि वह अपने समर्थकों से चर्चा कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। मिलिंद देवड़ा मुंबई की दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते रहे हैं, लेकिन इस बार गठबंधन के तहत शिवसेना (यूबीटी) दक्षिण मुंबई सीट पर अपनी दावेदारी कर रही है। ऐसे में देवड़ा को अपना टिकट कटने की आशंका थी। दक्षिण मुंबई सीट पर देवड़ा परिवार का दबदबा रहा है। हालांकि पिछले दो आम चुनाव में शिवसेना के अरविंद सावंत इस सीट से जीत दर्ज कर रहे हैं। यही वजह है कि इस बार भी शिवसेना इस सीट पर अपना दावा जता सकती है और गठबंधन के चलते हो सकता है कि कांग्रेस को यह सीट छोड़नी पड़े। ऐसे में माना जा रहा है कि इसी के चलते देवड़ा ने कांग्रेस छोड़ने का फैसला किया है।

मिलिंद देवड़ा कांग्रेस के दिवंगत वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली देवड़ा के बेटे हैं और साल 2004 और 2009 में दक्षिण मुंबई सीट से सांसद रह चुके हैं। साल 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मिलिंद देवड़ा को शिवसेना उम्मीदवार के सामने हार का सामना करना पड़ा था। मिलिंद देवड़ा की गिनती कांग्रेस के युवा चेहरों में होती थी। वह कांग्रेस सरकार में साल 2012 में केंद्रीय नौका परिवहन राज्यमंत्री भी बनाए गए थे। इसके अलावा वह सांसद रहने के दौरान रक्षा मंत्रालय की समिति, केंद्रीय शहरी विकास समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

इस्तीफा देने के बाद मिलिंद देवड़ा महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के आधिकारिक आवास पहुंचे थे। इससे पहले देवड़ा ने सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन किए।

# शायर मुनव्वर राना का दिल का दौरा पड़ने से निधन

### किसी को घर मिला हिस्से में या कोई दुकाँ आई,मैं घर में सब से छोटा था मेरे हिस्से में माँ आई

संवाददाता

**लखनऊ।** मशहूर शायर मुनव्वर राना का निधन हो गया है। रविवार देर रात दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। राना पिछले कई दिनों से लखनऊ के पीजीआई में भर्ती थे। मशहूर शायर मुनव्वर राना का निधन हो गया है।



रविवार देर रात दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। राना पिछले कई दिनों से लखनऊ के पीजीआई में भर्ती थे।

पीजीआई में उनका इलाज चल रहा था। उन्हें किडनी व हृदय रोग से संबंधित समस्या थी। उनकी बेटी सुमैया राना ने बताया कि रात साढ़े 11 बजे के करीब उन्होंने अंतिम सांस ली। दिल का दौरा पड़ा था। रायबरेली में आज अंतिम संस्कार होगा।

## नेकियां गिनने की नौबत नहीं आएगी, मैंने जो मां पर लिखा, वही काफी होगा: मुनव्वर के चुनिंदा शेर

मुनव्वर राना ने एक मुशायरे में अपने कलामों के बारे में कहा था कि वह ग़ज़ल को कोठे से उठाकर माँ तक ले आए। माँ पर लिखी शायरी के लिए मुनव्वर राना को खूब याद किया जाता है। मुनव्वर राना के ख़ास अशआर जो उन्होंने मुशायरों में पढ़े...

❖ आप को चेहरे से भी बीमार होना चाहिए
इश्क़ है तो इश्क़ का इज़हार होना चाहिए

❖ ज़िंदगी तू कब तलक दर-दर फिराएगी हमें
टूटा-फूटा ही सही घर-बार होना चाहिए

❖ अपनी फजा से अपने जमानों से कट गया
पत्थर खुदा हुआ तो चट्टानों से कट गया

❖ बदन चुरा के न चल ऐ कयामते गुजरां
किसी-किसी को तो हम आंख उठा के देखते हैं

❖ झुक के मिलते हैं बुजुर्गों से हमारे बच्चे
फूल पर बाग की मिट्टी का असर होता है

❖ कोई दुख हो, कभी कहना नहीं पड़ता उससे
वो जरूरत हो तलबगार से पहचानता है

❖ एक क़िस्से की तरह वो तो मुझे भूल गया
इक कहानी की तरह वो है मगर याद मुझे

❖ भुला पाना बहुत मुश्किल है सब कुछ याद रहता है
मोहब्बत करने वाला इस लिए बरबाद रहता है

❖ हम कुछ ऐसे तेरे दीदार में खो जाते हैं
जैसे बच्चे भरे बाज़ार में खो जाते हैं

❖ अँधेरे और उजाले की कहानी सिर्फ़ इतनी है
जहाँ महबूब रहता है वहीं महताब रहता है

❖ मिट्टी में मिला दे कि जुदा हो नहीं सकता
अब इस से ज़्यादा मैं तेरा हो नहीं सकता

## हिट एंड रन पीड़ितों का बढ़ाया जा सकता है मुआवजा

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को दिया निर्देश



एजेंसी

**नई दिल्ली।** जस्टिए एएस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा हर साल हिट एंड रन के मामलों के आंकड़ों की जानकारी दी जाती है। इनसे पता चलता है कि साल दर साल हिट एंड रन के मामलों में तेजी आ रही है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह हिट एंड रन मामलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को और गंभीर रूप से घायलों को दिए जाने वाले मुआवजे की राशि को बढ़ाने पर विचार करे। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस फैसले पर विचार के लिए आठ हफ्तों का समय दिया है और 22 अप्रैल को अगली सुनवाई पर जानकारी देने का निर्देश दिया है।

मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति को कोई वाहन टक्कर मारकर फरार हो जाता है और इस हादसे में पीड़ित की मौत हो जाती है तो उसे अधिकतम दो लाख रुपये का मुआवजा मिलता है। वहीं गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद मिलती है। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को भी हिट एंड रन के पीड़ितों के परिजनों को कानून के तहत मुआवजा योजना की जानकारी देने को भी कहा है। जस्टिए एएस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा हर साल हिट एंड रन के मामलों के आंकड़ों की जानकारी दी जाती है। इनसे पता चलता है कि साल दर साल हिट एंड रन के मामलों में तेजी आ रही है। बीते साल सड़क परिवहन मंत्री ने लोकसभा में भी इसकी जानकारी दी थी।

# 47 सीटों पर जीत तय करने के लिए पीएम मोदी करेंगे महारैली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की लगभग नौ प्रतिशत आबादी वाले आदिवासी समाज के लिए लोकसभा में 47 सीटें आरक्षित हैं। 2014 में भाजपा ने इनमें से 27 सीटों पर जीत हासिल की थी। 2019 के चुनाव में यह संख्या 31 हो गई थी। भाजपा अपने इस प्रदर्शन को सुधारना चाहती है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरवरी माह में झारखंड-गुजरात में दो रैलियों को संबोधित कर सकते हैं। आदिवासी समाज को ध्यान में रखते हुए आयोजित किए जाने वाले इस सम्मेलन के जरिए प्रधानमंत्री इन 47 सीटों पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे। केंद्र सरकार ने पीएम जन मन योजना के जरिए आदिवासी समाज की स्थिति सुधारने के लिए विशेष अभियान चलाया था। इसके अंतर्गत नौ प्रमुख मंत्रालयों के द्वारा देश के 100 आदिवासी बहुल जिलों में आदिवासी समुदायों के बीच कैंप लगाकर उनके विकास के लिए कार्य करना था। इसके अंतर्गत सभी आदिवासियों का आधार कार्ड बनाना, जनधन खाते खुलवाना,



**आदिवासी समाज को ध्यान में रखते हुए आयोजित किए जाने वाले इस सम्मेलन के जरिए प्रधानमंत्री इन 47 सीटों पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे।**

आयुष्मान योजना और उज्ज्वला योजना का लाभ दिलाना, किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना, पात्र किसानों को प्रधानमंत्री आर्थिक सहायता योजना का लाभ दिलाना था। इसके लिए 24 हजार करोड़ की धनराशि भी स्वीकृत की गई थी। जनजातीय कार्य मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, यह योजना काफी सफल रही है। सभी लक्षित जिलों में ज्यादातर आदिवासियों को केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने में सफलता मिल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी रैलियों में इनका उल्लेख कर सकते हैं। वे पीएम जन मन योजना के लाभार्थियों से इन सम्मेलनों में मुलाकात भी कर सकते हैं। भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवराज बोध ने अमर उजाला से कहा कि आदिवासी समुदाय की परेशानियां बहुत अलग प्रकार की थीं। उन्हें हल करने के लिए विशेष प्रयास की आवश्यकता थी। इसे ध्यान में रखते हुए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम जन मन योजना की शुरुआत की थी। आज इस योजना के अंतर्गत देश के हर आदिवासी तक पहुंचने और उनकी परेशानियों को हल करने में मदद मिली है।

# तुम आजाद हो, जब तक मैं हिरासत में हूं: सूचना सेठ

### पति-पत्नी का पुलिस स्टेशन में हुआ आमना-सामना



एजेंसी

**पणजी।** बच्चे की हत्या के बाद पहली बार आरोपी महिला सूचना सेठ और उसके पति का आमना-सामना हुआ। इस दौरान आरोपी महिला ने अपने पति से कहा कि जब तक मैं हिरासत में हूं, तुम आजाद हो। इस दौरान महिला ने बच्चे की हत्या से इनकार किया। जानिए क्या बोली अपने पति से आरोपी महिला सूचना सेठ...

गोवा में महिला सीईओ सूचना सेठ ने अपने ही चार साल के बच्चे को मौत के घाट उतार दिया था। जिसके बाद पुलिस ने सूचना सेठ को गिरफ्तार कर लिया था। गोवा के कैलंगुट पुलिस स्टेशन में शनिवार को आरोपी महिला सूचना सेठ और पति वेंकट रमन की 15 मिनट की मुलाकात हुई। इस दौरान आरोपी महिला ने अपने पति से कहा कि मैं जब तक पुलिस हिरासत में हूं, तुम आजाद हो। तुम्हारी वजह से ही मेरी यह दुर्दशा हुई है। बातचीत में सूचना सेठ ने चार साल के अपने बच्चे की हत्या के आरोपों से इनकार किया। उस दौरान उसके पति वेंकट रमन ने कहा कि अगर बच्चे की हत्या तुमने नहीं कि तो आखिर उसे किसने मारा। गौरतलब है कि शनिवार को बयान दर्ज कराने के लिए सूचना सेठ के पति वेंकट अपने पति के साथ गोवा के कैलंगुट पुलिस स्टेशन पहुंचे थे। अपने बच्चे की हत्या के दौरान वह इंडोनेशिया में थे। बच्चे की मौत की खबर मिलने के बाद नौ जनवरी को वेंकट भारत आए। पति के वकील अजहर मीर ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पिछले एक साल से बंगलूरू के एक फैमिली कोर्ट में बच्चे की कस्टडी की लड़ाई चल रही थी।

## माल - इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी से माल की जनता है खुश

# शालीन व्यवहार से इंस्पेक्टर त्रिपाठी निभा रहे खाकी की जिम्मेदारी

**रिपोर्ट**

**थाने से खुश होकर निकलते हैं फरियादी।**

**निर्मल सैनी द अचीवर टाइम्स**





**लखनऊ।** माल प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी लखनऊ कमिश्नर के अरमानों को चार चांद लगा रहे हैं।माल थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने की दिशा में इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने कमर कस ली है।सुबह दस बजे से ही थाना में बैठकर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनते हैं और फरियादी के सामने ही काम को खत्म कर अवगत कराने का भी फ़रमान सुनाते हैं। इंस्पेक्टर की इस कार्यो से स्थानीय लोगों में उनकी प्रशंसा हो रही है। इंस्पेक्टर ने थाने पर तैनात स्टाफ व पुलिस कर्मियों से स्पष्ट रूप से कह रखा है कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को धैर्य पूर्वक सुनकर शालीनता से फरियादी को संतुष्ट करने का प्रयास करें और कोई भी निराश होकर थाने से न लौटे।शालीन व्यवहार के इंस्पेक्टर पाकर थाना क्षेत्र जनता अपने आप को कृतज्ञ मान रही है और फरियादी भी अपनी समस्याओं को लेकर माल थाने पहुंच रहे हैं। इन छोटी बातों व बदलाव से आम जनता में पुलिस की छवि बदल रही है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी के व्यवहार से आम जनता ही नहीं बल्कि उनका स्टाफ भी काफी प्रसन्न रहता है।

# कांग्रेस जनों ने नगर में निकाली मशाल जुलूस पदयात्रा

**❖राहुल गांधी लोगों को हक दिलाने के लिए आज पूरे देश में न्याय यात्रा के लिए निकल पड़े- अभिषेक गोयल।**

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**




**हापुड़।** दिन रविवार को कांग्रेस जन अतरपुरा चौराहा पर एकत्रित हुए। जहां से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक गोयल की अगुवाई में कांग्रेस जनों ने मशाल जुलूस पदयात्रा की शुरुआत की। पदयात्रा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व जिला प्रभारी टुक्की मल खटीक और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव /जिला प्रभारी पुरुषोत्तम नागर भी पहुंचे। कांग्रेस जन हाथों में मशाल लिए अतरपुरा चौराहा से गोल मार्केट, बाजार बजाजा, सर्राफा बाजार, पुराना बाजार, कानून गोयान होते हुए सिकंदर गेट स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचे और पदयात्रा का समापन किया। प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी पुरुषोत्तम नागर ने कहा कि 14 जनवरी से राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत हो रही हैं। इस यात्रा की शुरुआत का मैसेज आम जनता तक पहुंचाने और प्रदेश के गरीबों, दलितों, वंचितों, शोषितों और मजलूमों की दबी आवाज को उठाने एवं उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में जनपद स्तरीय मशाल जुलूस पदयात्रा निकाली जा रही हैं। यह पदयात्रा उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में निकाली जा रही हैं। प्रदेश महासचिव/जिला प्रभारी टुक्की मल खटीक ने कहा कि ये मशाल जूलूस पदयात्रा प्रदेश के उन लोगों के लिए निकाली जा रही हैं जो अपने साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज तो उठाते हैं लेकिन उनकी आवाज को दबा दिया जाता हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा कि आज देश में जिस तरह से लोगों की आवाज को दबाने का काम केंद्र और प्रदेश की मौजूदा सरकार कर रही हैं। उन लोगों की आवाज बनने और उन्हें न्याय दिलाने के लिए उनके नेता राहुल गांधी ने मणिपुर से ÷भारत जोड़ो न्याय यात्रा÷ की शुरुआत की हैं। जिसका समापन मुंबई में होगा। राहुल गांधी लोगों को उनका हक दिलाने के लिए आज पूरे देश में न्याय यात्रा के लिए निकल पड़े हैं और वे लोगों को उनका हक हर कीमत पर दिलाकर रहेंगे। शहर में कांग्रेस जनों ने करीब 5 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली। जिसमें सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जनों ने हिस्सा लिया और लोगों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। यात्रा की शुरुआत में कांग्रेस जनों ने नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पदयात्रा के दौरान गोल मार्केट स्थित शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। पुराना बाजार स्थित शिव मंदिर पर कांग्रेस जनों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की और राहुल गांधी जी की न्याय पदयात्रा के सफल होने की कामना की। कांग्रेस जनों ने राष्ट्रध्वज के साथ मशाल जुलूस पदयात्रा निकाली और ÷जोड़ो जोड़ो भारत जोड़ो÷ के नारे जोर शोर से लगाकर लोगों को न्याय दिलाने के लिए अपनी आवाज बुलंद की।

मशाल जुलूस में प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी, पीसीसी सदस्य अरविंद शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव डॉक्टर शोएब, मानवी सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जकरिया मनसबी, सभासद सुशील शास्त्री, आईसी शर्मा, डॉक्टर वीसी शर्मा, आशाराम शर्मा, अरुण वर्मा, विक्की शर्मा, गौरव गर्ग, नरेश भाटी, सीमा शर्मा, हसन आतिफ, रघुवर गौतम, रघुबीर सिंह एडवोकेट, जितेंद्र अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, देवेंद्र कुमार, सुबोध शास्त्री, भरतलाल शर्मा, सावन चौधरी, सौरभ चौधरी, वाई के शर्मा, अब्दुल कलाम, निसार पठान, सादक कुरैशी, शमशाद अंसारी, इरफान कुरैशी, मासूम अली भूरे, जाहिद हुसैन, सविता गौतम, कुसुम लता, दीपक मोघे, अनमोल शर्मा, असलम सैफी, अतिकुर रहमान सैफी, शायदा, शौकीन चौधरी, मदन शर्मा, माइक सिंह, विनोद कर्दम, चरण सिंह, राज सिंह गुर्जर, रविंद्र गुर्जर, अमरजीत जंगी, यशपाल ढिलौर, सद्दाम अब्बासी, अनूप कर्दम, मुजम्मिल, विवेक शर्मा, अजब सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे. !

## एक नज़र

### प्रधान संघ जिलाध्यक्ष द्वारा नवागत सिंधौली कोतवाल धर्मेंद्र गुप्ता का किया फूल माला पहनाकर स्वागत

**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**



**शाहजहांपुर।** प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने थाना सिंधौली के नवागत कोतवाल धर्मेंद्र गुप्ता का फूल माला पहनाकर स्वागत किया द्य एवं थाने के जवानों को खेलने के लिए दो वॉलीबॉल उपहार स्वरूप प्रदान की । प्रभारी निरीक्षक ने राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता से वादा किया कि मैं सदैव सभी प्रधानों का पूरा सहयोग करूंगा और सभी प्रधानों से भी पुलिस का सहयोग करने की अपेक्षा रखता हूं । अनिल गुप्ता ने पुलिस के जवानों से कहा कि जल्द ही अपनी ग्राम पंचायत के खिलाड़ियों और पुलिस के बीच एक वालीवाल टूर्नामिंट कराउगा , खेलने से शरीर सदैव स्वस्थ रहता है और शरीर में ऊर्जा आती हैद्य इस मौके पर राजेश गुप्ता ,सुधीर कुमार ,श्रीकांत, यशपाल सिंह, मनीष सिंह ,अभिषेक आदि सभी मौजूद रहे।

### माडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर प्रधान अनिल गुप्ता द्वारा 22 को मनाएंगे दीपावली घर घर घर-घर बाटे अक्षत

**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**



**शाहजहांपुर ।** ब्लाक सिंधौली की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता ने अपनी पूरी टीम के साथ श्री राम का जयकारा लगाते हुए घर-घर अक्षत बाटे द्य और 22 जनवरी को घर-घर दीप जलाकर दीपावली मनाने का आवाहन किया द्य ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्राम में बने हुए पांचो मंदिर श्री राम जानकी मंदिर, देवी मां मंदिर ,पाठक मंदिर, हनुमत धाम एवं श्री जेपी मंदिर पर 22 तारीख को भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा एवं ग्राम के सभी घरों में दीपक जलाकर दीपावली मनाई जाएगी द्य उसके बाद आगे चलकर सभी ग्रामवासी अयोध्या में बने हुए राम मंदिर पर दर्शन करने भी जाएंगे द्य अक्षत वितरण कार्यक्रम में अनुज मिश्रा, श्रीकांत दीक्षित, विपिन सिंह, सुभाष मिश्रा, यशपाल सिंह, जोगिंदर सिंह, सुधीर कुमार, आदि सभी का पूरा सहयोग रहा।

### ग्राम पंचायत खमरिया में संकल्प यात्रा निकाली




**द अचीवर टाइम्स, मितौली।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को लेकर के ग्राम पंचायत खमरिया में संकल्प यात्रा निकाली गई, जिसमें संकल्प लिया गया हम अपने गांव को पूर्ण रूप से विकसित करने का कार्य करेंगे भाजपा की सरकार गांव के उन्मुखीकरण को लेकर के विकास के बिंदुओं पर कार्य कर रही है एडीओ कृषि नैमिष कुमार यादव ने विकसित संकल्प यात्रा में व्यक्त किया, कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि ने पत्रकारों को अंग वस्त्र व मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के स्मृति चिन्ह भेंट किए, विकसित भारत संकल्प यात्रा मुख्य अतिथि एडीओ कृषि नैमिष कुमार यादव,ग्राम पंचायत सचिव रीतू यादव,प्रधान प्रतिनिधि अनूप राठौर, जीऐएम सतीश चन्द्र मौर्य, ग्राम रोजगार सेवक सर्वेश कुमार, पंचायत सहायक शिंकी वर्मा, प्रधान रामपुर रामदास, प्रधान मुल्तानपुर, बीडीसी खम्हरिया, बीसीसी ग्रंट इनायतचीफ सहित ग्राम पंचायत के सम्मानित मतदातगण मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत गोडवाखेम में हो रही राम लला प्राण प्रतिष्ठा के अंतर्गत सफाई व तैयारियां



**संवाददाता दिनेश कुमार, अतरौली।** हरदोई ब्लाक भरावन के ग्राम पंचायत गोडवाखेम के प्रधान सुशील सिंह ने सभी ग्रामीणों को बुलाकर राम लला प्राण प्रतिष्ठा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोडवाखेम में साफ सफाई का कार्यक्रम का आयोजन किया और ग्राम पंचायत गोडवाखेम के प्रधान सुशील सिंह ने बताया कि हम राम लला प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां आज 14 दिनांक से लेकर 22 जनवरी तक तन मन धन से तैयारियां करेंगे जिससे ग्राम प्रधान सुशील सिंह सफाई कर्मचारी अशोक कुमार कोटेदार राम बाबू केशन गौतम सुदामा केशन यादव राम औतार यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सिंधौली में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया हजारों श्रद्धालुओं ने खिचड़ी भोज प्रसाद ग्रहण किया



**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**

**शाहजहांपुर ।** सिंधौली में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ 2024 मकर संक्रांति पर्व के शुभ अवसर पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बड़चड़कर खिचड़ी भोज प्रसाद ग्रहण कर पर्व की शोभा बढ़ाई अजय सिंह उर्फ पिंटू ने कहा मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान सूर्य की उपासना ब तीर्थ स्थलों पर स्नान दान विशेष पुण्यकारी होता है इस अवसर पर दिया गया दान सौ गुना बढ़कर पुनः प्राप्त होता है मकर संक्रांति के दिन तिल का बहुत बड़ा महत्त्व है कहते है की तिल मिश्रित जल से स्नान शरीर में तिल का तेल मालिश करने से पुण्य फल प्राप्त होता है सारे पाप नष्ट हो जाते हैं आयोजन में पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ,अजय सिंह उर्फ पिंटू ,ओमकार सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य,अखिलेश तिवारी ,फिरोज सिंह यादव उर्फ कल्लू पूर्व ब्लाक प्रमुख आदि सम्मिलित हुए

## वॉर्ड-10 में 22 लाख 70 हजार रुपए की लागत से आरसीसी सड़क निर्माण कार्य का पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने किया शिलान्यास



**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**


**हापुड़।** नगर पालिका के वॉर्ड- 10 के मौहल्ला नवीकरीम कासमपुरा की विभिन्न गलियों की काफी वर्षों से टूटी पड़ी नाली एवं सड़कों का नवनिर्माण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने रविवार को फीता काटकर शिलान्यास किया गया और मौहल्ले के लोगों के चेहर पर मुस्कान आ गई। मिली जानकारी के अनुसार हापुड़ के वार्ड नंबर 10 में करीब 22 लाख 70 हजार रुपए की लागत से आरसीसी सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। तो वही स्थानीय लोगों ने बताया कि मौहल्ले की केई गलियो की नाली व सडके काफी वर्षो से टूटी हुई थी अब टूटी-फूटी सड़कों से जल्द ही छुटकारा मिल जाएगा। तो वहीं वार्ड नंबर 10 के सभासद कासिम ने मीडिया से बात करते हुए बताया हापुड नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी द्वारा मोहल्ला नबी करीम में गढ गेट मस्जिद से लेकर पूर्व विधायक धर्मपाल सिंह के घर तक केई गलियों का करीब 22 लाख 70 हजार रुपए की लागत से आरसीसी सड़कों का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है जल्दी ही नगर पालिका के छोडे गये के टेंडर द्वारा ठेकेदार द्वारा सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा और लोगों को टूटी नाली व सड़कों से राहत मिलेगी जिससे साफ सफाई करने में कर्मचारियों को आसानी होगी। तो वार्ड सभासद ने नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा ददेवीके साथ साथ नगर पालिका कर्मचारी का आभार व्यक्त किया। शिलान्यास करने के दौरान पुष्पा देवी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद,हापुड़ के पति श्रीपाल सिंह,सुनील कुमार मंत्री व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## गाजे-बाजे के साथ निकाली अक्षत कलश यात्रा

**बाराबंकी।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर पंचायत दरियाबाद में रविवार को धूम रही। नगर पंचायत में रविवार को गाजे-बाजे के साथ पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा नगर पंचायत क्षेत्र गुंजायमान रहा। इस दौरान रामभक्तों को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का चित्र भी वितरित किया गया। जगह-जगह पर भगवान की आरती उतारी गई। कलश यात्रा के समापन पर लोगों में प्रसाद का वितरण किया गया। नगर पंचायत दरियाबाद के शीतला माता मंदिर से सुबह 11 बजे पूजित अक्षत कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा शीतला माता मंदिर से शुरू होकर नगर पंचायत के सफदरगंज मार्ग, कटरा मोहल्ला, मुख्य चौराहे, रामबाजार, काली माता मंदिर से होते हुए पूरब फाटक चौराहे से दशहराबाग स्थित भोलेनाथ के मंदिर पहुंचकर भगवान की आरती और प्रसाद वितरण के बाद संपन्न हुई।

## हरे कृष्ण हरे कृष्ण राम राम हरे हरे संकीर्तन जप का आयोजन हुआ

**द अचीवर टाइम्स कनिखिल मिश्रा**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ में सैकड़ों वर्षो पुराने श्री चतुर्भुज मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकरसंक्रांति के अवसर पर ÷हरे कृष्ण हरे कृष्ण राम राम हरे हरे÷संकीर्तन जप का आयोजन हुआ।आपको बता दें कि हिंदू धर्म में हर माह आने वाले व्रत-त्योहारों का विशेष महत्व होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार पौष माह में मकर संक्रांति के त्योहार का खास महत्व माना जाता है। मकर संक्रांति पर गंगा स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति पर गंगा स्नान करके भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से व्यक्ति के जीवन में हर तरह कष्टों से मुक्ति मिल जाती है और जीवन में सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। मकर संक्रांति को देशभर के कई भागों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में जहां इस त्योहार को खिचड़ी के त्योहार के रूप में मनाया जाता है तो गुजरात और महाराष्ट्र में इसे उत्तराणय के नाम से मनाया जाता है। दक्षिण भारत में इस त्योहार को पोंगल के रूप में मनाया जाता है। पंजाब में इसे लोहड़ी और असम में माघ बिहू पर्व मनाया जाता है।इसी क्रम में सैकड़ों वर्ष पुराने श्री चतुर्भुज मंदिर प्रांगण में लगातार डेढ़ सौ वर्षों से निरंतर मकर संक्रांति के अवसर पर ÷हरे कृष्ण हरे कृष्ण राम राम हरे हरे÷संकीर्तन जप का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्रवासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।जिसमें पूरे गांव के लोग सहयोग करते हैं, विशेष रूप से अभिषेक, पुष्पेंद्र, सुजीत, करण, उज्ज्वल, आकाश, मोहित, कृष्ण, सत्यश, सचिन, नितिन, मनोज, यश, आशु, अंश, सौरभ, गौरव, अभिनव, सुनील, शेरू, अंकित, गुजरू, मुनींद्र, सहित ग्रामीण उपस्थित रहे, इस कार्यक्रम का समापन विष्णु सहस्त्र नाम यज्ञ से होता है।

## ड्यूटी के दौरान दरोगा की बिगड़ी हालत, मौत

**बाराबंकी।** पुलिस लाइन में तैनात एक दरोगा की अचानक हालत बिगड़ी और अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित का दिया गया। हार्टअटैक से मौत की संभावना है। पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस के अनुसार दरोगा रणजीत बहादुर सिंह (57) बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के नौका गांव के निवासी थे। रविवार को पुलिस लाइन की सुरक्षा निगरानी में गेट पर ड्यूटी लगी थी। अचानक उनकी तबियत खराब हुई। उन्हें अचेत होते देख साथी पुलिसकर्मी अस्पताल ले गए, जहां मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर लखनऊ से परिवार के लोग पहुंचे। एसपी दिनेश कुमार सिंह समेत सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने दिवंगत दरोगा को श्रद्धांजलि दी।

## कलेक्ट्रेट परिसर में झाड़ू लगाकर जिलाधिकारी ने दिया स्वच्छता का संदेश



**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**

**हापुड़।** प्रदेश सरकार के महासफाई अभियान 14 जनवरी से 21 जनवरी 2024 के तहत जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर में झाड़ू लगाकर इस अभियान मे योगदान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में सफाई अभियान का संचालन किया जा रहा है यह सफाई अभियान नगर पालिका हापुड़ के तत्वाधान में आयोजित था। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों से अपने-अपने कार्यालय को साफ करने के निर्देश दिए क्योंकि स्वच्छता से किसी भी प्रकार की बीमारियां नहीं आती हैं अतः सभी अधिकारी अपने कार्यालय को स्वच्छ बनाए रखें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त/ राजस्व संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, उप जिलाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पांच-पांच हजार के ईनामी दो फरार, आरोपी राजस्थान और जबलपुर से गिरफ्तार

**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**




**कटनी।** अभिजीत कुमार रंजन पुलिस अधीक्षक कटनी के निर्देशन व श्री मनोज केडिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्री के.पी. सिंह अनुविभागीय अधिकारी महोदय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ अनूप सिंह ठाकुर की टीम को दुष्कर्म के 5 - 5 हजार रूपए का घोषित ईनामी आरोपी लाल सिंह एवम् भैरू सिंह को पकड़ने में दोहरी सफलता मिली है।

**घटना का विवरण**

दिनाक 14/10/2022 को फरियादी ने स्वयं की नाबालिक बच्ची को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अपहरण किए जाने की रिर्पोट थाने में दर्ज कराई थी जिसे पुलिस ने धारा 363 भा द वि के तहत् मामला पंजीबद्ध कर तत्परता से विवेचना शुरू की और नाबालिक बच्ची को ढूंढ़ कर परिजनों सौंप दिया गया था तथा नाबालिक बच्ची से घटना क्रम के सम्बंध में पूछतांछ की गई जिसने बताया कि उसे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसे पत्नी बनाकर रखा गया था और उसके मरने के बाद दूसरे व्यक्ति को बेच दिया गया था उक्त मामले के 03 आरोपियों को त्वरित गिरफ्तार कर धारा 363 इजाफा धारा 366(क), 376, 370, 376(डीए), 376(2)एन, 376(3), 354(क), 34 ता.हि. 3.45,6(जे) (आईआई) 5(जे), 11,12,16,17 पाक्सो एक्ट 3(1) (डब्लू-2), 3(2) व्ही. एससीएसटी एक्ट में जेल भेज दिया गया था। अभी दिसम्बर 2023 में इसी मामले के आरोपी रंजीत उर्फ रणजीत सिंह पिता स्व. मोती सिंह सिसोदिया उम्र 28 वर्ष ग्राम सातलखेडी पुलिस थाना भानुपरा जिला मंदसौर को गिरफ्तार करने में कामयाब रहे तथा अन्य फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कई बार प्रयास किये गये पर सफलता नहीं मिल पा रही थी। श्री अभिजीत रंजन पुलिस अधीक्षक कटनी के द्वारा शेष फरार आरोपी को पकड़ने के लिए 5 - 5 हजार का ईनाम घोषित किया गया था । फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए विजयराघवगढ़ पुलिस लगातार प्रयास करते हुए अपने मुखबिर तंत्र को मजबूत किया और श्रीमान पुलिस अधीक्षक के अथक प्रयासों से मामले के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर टीम को मन्दसौर भेजा गया था पुलिस टीम मन्दसौर जिले में पहुँचकर हर सम्भावित स्थानों में छापामारी की गई किन्तु सफ़लता नहीं मिल पा रही थी तब स्थानीय मुखबिर तंत्र से सम्पर्क कर फरार आरोपी के ठिकाने पर पहुंचीं जो कि अपने रहने के स्थान को बदलते हुए अपना छुपाव किए हुऐ रह रहा था। जिसे पकड़ने के लिए पुलिस पहुंचीं ही थी कि पुलिस को देखते ही वह रात के अंधेरे में भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस ने भारी मशक्कत से घेराबंदी कर भैरू सिंह पिता पूर सिंह सोंधिया उम्र 19 साल निवासी ग्राम खड़गपुरा थाना पीडावा ज़िला झालावाड़ा राजस्थान को गिरफ्तार किया है, तथा आरोपी लाल सिंह सोंधिया पिता अमर सिंह सोंधिया उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम कादमी थाना सुसनेर जिला आगर मालवा जो कि किसी कार्य से जबलपुर आया हुआ था जैसे ही इस बात की जानकारी थाना प्रभारी अनूप सिंह को हुई तत्काल यह जानकारी सम्बन्धित क्षेत्राधिकार के श्री प्रभाकर सिंह परिहार उप निरीक्षक चौकी प्रभारी रामपुर थाना गोरखपुर ज़िला जबलपुर को सूचना दी जिन्होंने अविलम्ब आरोपी को धर दबोचा, आरोपी अपना गलत नाम पता बताकर गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन श्री सिंह के द्वारा सूझबूझ से पुछतांछ किए जाने पर झूठ पकड़ लिया और आरोपी ने अपना सही नाम पता बता दिया श्री परिहार और उनकी टीम के द्वारा अपने थाना क्षेत्र का मामला न होने के बावजूद भी सुपर कॉप की तरह तत्परता से फरार आरोपी को पकड़वाकर पीड़िता को न्याय दिलाने में सराहनीय भूमिका निभाई है। दोनों फरार ईनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय विजयराघवगढ में पेश किया गया जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में कटनी जेल भेज दिया गया है।

**सूचना**

सै0 मुसी रजा नकवी (अर्शी रजा) 510 200श्री सै0 जिनाह रजा नकवी निवास - QA खिर व्यू इन्क्लेवी दुर्गा देवी मार्ग महलावावाद थाना ठाकुरगंज लखाऊ। मोठ न0 9839 D17111, रिवाल्वर - 32 बोर, लाइसेन्स स-1382, रिवाल्वर संख्या - FP138810F के सम्बन्ध में थाना ठाकुरगंज, लखनऊ में मुकदमा पंजीकृत है जिस किसी को रिवाल्वर के सम्बन्ध में जानकारी हो पाना ठाकुरगंज को अवगत कराने की कृपा करे।

**मो0 नं0– 7839861063**

## सीएम योगी ने अयोध्या को दी ईवी की सौगात

# अयोध्या स्वच्छ दिखाई दे ये जिम्मेदारी हम सबकी: सीएम योगी

एजेंसी



**लखनऊ।** अयोध्या धाम में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने ई वाहनों (50 इलेक्ट्रिक बसों एवं 25 ई ऑटो) का फ्लैग ऑफ कर अयोध्यावासियों को उपहार दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल टूरिस्ट एप के साथ ही अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट को भी लॉन्च किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या धाम में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध हो सके, इस उद्देश्य से अयोध्या नगर निगम और अयोध्या सिटी में ई-बसों एवं ई-ऑटो के शुभारंभ व टूरिज्म सेंट्रिक मोबाइल एप और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी की तिथि भारत की श्रद्धा और आस्था को सम्मान देने की तिथि है व भारत के स्वाभिमान और सम्मान को पुनर्स्थापित करने की भी पावन तिथि है। जब प्रभु श्रीराम 500 वर्षों के बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो न केवल अयोध्या धाम में बल्कि पूरे देश और प्रदेश में रामराज्य की स्थापना का जो कार्य 2014 में प्रारंभ हुआ था, इसे मूर्त रूप प्रदान करते हुए यशस्वी भविष्य की कामना के साथ हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से इस पौराणिक और ऐतिहासिक तिथि को आने वाले श्रद्धालुओं, भक्तों, आस्थावान यात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए अयोध्या सज धज रही है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर 2023 को किया है। क्या कोई सोचता था कि अयोध्या में इतनी शानदार सड़कें होंगी। आज आप अयोध्या में राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ, जन्मभूमि पथ को देखेंगे तो हर कोई अभिभूत होगा। मल्टीलेवल पार्किंग, गुप्तार घाट से लेकर रामजी की पैड़ी और नए घाट तक के घाटों का निर्माण, सूरजकुंड, भरतकुंड इन सबके सौंदर्यीकरण के कार्यक्रम को देखेगा तो हर कोई अभिभूत हो जाएगा। उसी श्रंखला में आने वाले श्रद्धालुओं की अवस्थापना सुविधाओं के लिए अच्छे यात्री निवास, धर्मशालाओं का निर्माण, अच्छे होटल, टेंट सिटी भी बन रही है या बन चुकी है। आने वाले यात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए इलेक्ट्रिक बसें, ई ऑटो और अन्य सुविधाएं यहां पर प्रारंभ हो रही हैं। यही नहीं, डिजिटल टूरिस्ट एप के द्वारा कोई भी आने वाला श्रद्धालु अयोध्या के हर स्पॉट का अवलोकन कर सके और अयोध्या को नजदीक से निहार सके, इस दृष्टि से भी इस कार्यक्रम को आज यहां संपन्न किया गया है। सीएम योगी ने अयोध्यावासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस अवसर पर मैं सभी अयोध्यावासियों को बधाई और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देता हूं। आने वाले सभी श्रद्धालुजनों के लिए अभी से उनका अग्रिम अभिनंदन करते हुए सभी अयोध्यावासियों का अभिवादन करता हूं। हजारों वर्षों बाद यह अवसर आता है, जब प्रभु की सेवा में कुछ कर गुजरने का अवसर मिलता है। हमारी पीढ़ी को यह अवसर मिला है। 500 वर्षों बाद प्रभु श्रीराम स्वयं के भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। देश और दुनिया अयोध्या के प्रति आतुर है। कब उन्हें अयोध्या में प्रभू श्रीराम के दर्शन का अवसर मिलता है। हम सौभाग्यशाली हैं कि यहां पर हमें प्रभु का आशीर्वाद मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी बनती है कि सबसे पहले अयोध्या स्वच्छ और सुंदर दिखाई दे। सरकार का जो काम है वो सरकार कर रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़कों का चौड़ीकरण, रेलवे लाइन, एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं के साथ ही इलेक्ट्रिक बसें अयोध्या को चमकाने का कार्य करेंगी। इनके रूट भी तय किए जा चुके हैं। लगभग 200 इलेक्ट्रिक बसें तात्कालिक रूप से हम अयोध्या को दे रहे हैं, लेकिन हम इसे 500 तक विस्तार देंगे। इसमें नगर विकास के साथ परिवहन विभाग लगे हुए हैं। निजी क्षेत्र को भी इस क्षेत्र में आमंत्रित किया जाए। अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बनने जा रही है, इसलिए हमें इस कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि टूरिस्ट एप से हम अयोध्या की एक-एक चीज को देख सकें, अवलोकन कर सकें और आसानी से महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंच सकें, ये सुविधा प्रदान की जा रही है। यह सिर्फ इंग्लिश में नहीं बल्कि हिंदी, संस्कृत समेत संविधान की अनुसूची में जितनी भी भाषाएं हैं उनमें भी यह उपलब्ध हो जाएगा। इसी तरह, पुलिस से सहायता लेनी है, कहां थाना है, कहां चौकी है, इमरजेंसी सेवाएं कैसे मिलेंगी, 1090 की क्या भूमिका है, 112 की क्या भूमिका है, कौन अधिकारी आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेगा, पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर आपको यह सुविधा भी मिल जाएगी।

## निलंबित कुश्ती संघ के अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण को जान से मारने की धमकी



एजेंसी

**लखनऊ।** निलंबित भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। निलंबित भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू को फोन कर जान से मारने की धमकी दी गई है। फोन करने वाले ने भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की भी हत्या की धमकी संजय सिंह बबलू को दी है। प्रकरण को लेकर वाराणसी के कबीर नगर, दुर्गाकुंड निवासी संजय सिंह बबलू की तहरीर के आधार पर भेलूपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। संजय सिंह बबलू ने पुलिस को बताया कि बीते 12 जनवरी की रात एक अनजान नंबर से उनके मोबाइल पर दो बार कॉल आई। अनजान नंबर होने के कारण उन्होंने कॉल नहीं रिसीव की। 13 जनवरी को उसी नंबर से फिर फोन आने लगा। तीसरी बार में उन्होंने कॉल रिसीव कर पूछा कि क्या बात है? इस पर कॉल करने वाले ने कैसरगंज के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और उन्हें गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस पर उन्होंने डर के मारे फोन काट दिया। मगर, उस नंबर से लगातार फोन आ रहा है। इससे वह और उनका पूरा परिवार सहमा हुआ है। संजय सिंह बबलू की तहरीर के आधार पर भेलूपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रकरण की जांच सब इंस्पेक्टर अनुराग कुमार मिश्र को सौंपी गई है।

## एक नज़र

### कारोबारी को लाठी से पीटा, कुत्ते से कटवाया

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के कैलाश विहार निवासी कारोबारी प्रवीण कुमार दीक्षित के मुताबिक बीते शनिवार को वह अपने कार्यालय के बाहर खड़े थे। तभी पड़ोसी सुरेंद्र कबीर अपने बेटे अंकुर के साथ आ धमके और बेवजह लाठी-डंडे से पीट दिया। दोनों ने उन पर कुत्ता छोड़कर कटवा भी दिया। आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे तो पिता-पुत्र रिवॉल्वर तानकर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रवीण का आरोप है कि जब वह पत्नी के साथ अस्पताल जा रहे थे तो दोनों ने एक बार फिर उनकी पिटाई कर दी। पीड़ित ने शुक्रवार को सरोजनीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

### दुबई से 400 ग्राम सोना छिपाकर लाया यात्री

**लखनऊ।** अमौसी एयरपोर्ट पर शनिवार दोपहर 12ः30 बजे दुबई की फ्लाइट से आए एक यात्री के पास से कस्टम की टीम ने 25.64 लाख रुपये कीमत का सोना बरामद किया है। यात्री ने सोने को चॉकलेट के रैपर में पेस्ट के रूप में रखकर अपनी बनियान में छिपाया था। चेकिंग के दौरान कस्टम की टीम को स्कैनर में संदिग्ध वस्तु दिखी। जांच में करीब 400 ग्राम सोना पकड़ा गया।

### युवक ने चूल्हे के पास बैठी मां को पीट-पीटकर मार डाला



**लखनऊ।** अंबेडकरनगर जिले के महरुआ थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक ने पीट-पीटकर मां की हत्या कर दी। घटना खजूरडीह गांव की है। गांव निवासी पुष्पा देवी (45) ने सुबह साढ़े आठ बजे के करीब पुत्र पंकज (24) को पशुओं को चारा देने के लिए कहा। वह नहीं गया तो दोबारा उसे बोलकर चाय बनाने लगीं। इसी बीच पंकज चूल्हे के पास पहुंचा और वहां चूल्हे में फूंकने के लिए रखी लोहे की पाइप उठाकर सिर पर हमला कर दिया। इसके बाद पीट-पीटकर हत्या कर दी। घर में मौजूद एक बालिका चीखते हुए गांव में दौड़ी। लोग जुटते तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद युवक भागने की बजाए वहीं बैठ गया। पुलिस के अनुसार, उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। अकबरपुर से इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने गांव पहुंचकर जानकारी हासिल की।

### 76वें सेना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी रहे मौजूद



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को सेना दिवस मनाया गया। इस मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को 76वें आर्मी डे के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी मौजूद रहीं। भारतीय सेना के मध्य कमान के सूर्य खेल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शौर्य कलाओं का प्रदर्शन वीर सैनिकों ने किया। बता दें कि भारतीय सेना द्वारा दूसरी बार सेना दिवस का कार्यक्रम दिल्ली के बाहर आयोजित किया गया है। इस दौरान सूर्य खेल परिसर में परेड के बाद शौर्य संध्या का आयोजन किया गया। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस आयोजन में मार्शल आर्ट के विभिन्न रूपों सुखोई और किरण विमानों द्वारा फ्लाई पास्ट के साथ-साथ कई सैन्य प्रदर्शन हुए।

### आउटर रिंग रोड पर डीसीएम चालक की हत्या

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में दुर्जनपुर गांव के पास आउटर रिंग रोड पर शनिवार सुबह एक डीसीएम चालक की धारदार हथियार से गोदकर हत्या कर दी गई। सड़क पर ही डिवाइडर से सटा खून से लथपथ उसका शव पड़ा मिला। शव से करीब 50 मीटर दूर डीसीएम खड़ी मिली। पुलिस ने डीसीएम नंबर के आधार पर उसके मालिक और फिर मृतक परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। पुलिस तफ्तीश कर रही है। पुलिस को शनिवार सुबह करीब नौ बजे सूचना मिली कि बीकेटी में दुर्जनपुर गांव के पास आउटर रिंग रोड पर एक युवक का शव पड़ा है। पास में ही डीसीएम खड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो जांच में सामने आया कि शव कन्नौज के छिबरामऊ थाना क्षेत्र के जमामर्दपुर गांव निवासी प्रदीप यादव (26) का है। बृहस्पतिवार को वह माल लेकर दुबग्गा गए थे। जहां शुक्रवार रात गाड़ी अनलोड की गई। शनिवार सुबह करीब पांच बजे प्रदीप दुबग्गा से निकले थे। उसी के बाद उनकी हत्या की गई। पुलिस को छानबीन में जो सुबूत मिले हैं, उससे साफ है कि प्रदीप को डीसीएम से उतरने तक का मौका नहीं मिला। डीसीएम के केबिन के भीतर ही उन पर हमला किया गया। इसके चलते केबिन में भी खून के निशान मिले। फिर उनको नीचे घसीटकर सड़क पर गिराने के बाद धारदार हथियार से वार किए गए। बचने के लिए प्रदीप ने संघर्ष किया मगर नाकाम रहे। पुलिस रोडरेज के अलावा रंजिश व किसी विवाद में हत्या की आशंका पर भी तफ्तीश कर रही है। डीसीपी नॉर्थ एसएम कासिम आब्दी ने बताया कि सर्विलांस व सीसीटीवी की मदद से तफ्तीश की जा रही है। हर पहलू को देखा जा रहा है। तहरीर मिलते ही एफआईआर दर्ज कर ली जाएगी।

## कोहरे के बीच नहर में गिरी तेज रफ्तार कार

## एक युवक का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी

एजेंसी



**लखनऊ।** बाराबंकी के देवा कोतवाली में हुए हादसे में एक तेज रफ्तार कार नहर में गिर गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक की तलाश जारी है।

बाराबंकी जिले के देवा कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात तेज रफ्तार कार शारदा नहर में जा गिरी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों को रात में बाहर निकाल लिया। एक युवक का शव मिला है जबकि दूसरा युवक पानी में लापता है। एनडीआरएफ की टीम स्टीमर से खोजबीन में लगी है। माना जा रहा है कि हादसा घने कोहरे के कारण हुआ। पुलिस के अनुसार शनिवार की रात करीब 10:00 बजे लखनऊ के बख्शी का तालाब के पांच युवक होंडा इमेज कार से देवा कोतवाली क्षेत्र के सफीपुर गांव में आयोजित किसी कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वापस लखनऊ लौट रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार कार देवा कुर्सी मार्ग पर इब्राहिमपुर गांव के पास सीधे शारदा नहर में जा गिरी। उधर से गुजर रहे राहगीरों की सूचना पर रात करीब 11ः00 बजे मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया। तीन युवकों को निकाल लिया गया। जबकि देर रात नितिन मिश्रा (35) का शव एक किलोमीटर दूर नहर में मिला। देवा के कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि लापता हुए युवक की तलाश नहर में चल रही है। एनडीआरएफ को बुलाया गया है। रेगुलेटर से नहर का पानी बंद करवा दिया गया है। वहीं, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे युवकों के परिजनों में कोहराम मचा है।

## बहराइच में तेंदुए ने भाई-बहन पर हमलाकर किया घायल



एजेंसी

लखनऊ। बहराइच के कतर्नियाघाट में एक भाई-बहन पर तेंदुए ने हमला कर दिया। हालांकि, उनकी जान बच गई लेकिन तेंदुए के हमले से गांव में दहशत का माहौल है।

बहराइच के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के गिरधरपुरवा गांव में नल पर पानी भर रहे भाई बहन पर गन्ने के खेत में बैठे तेंदुए ने हमला कर दिया। बच्चों की चीज पुकार सुनकर परिवार के लोग दौड़े जिससे तेंदुआ खेत में भाग गया और बच्चों की जान बची। घटना से पारिवार व गांव के लोगों में दहशत है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मुर्तिहा रेंज अंतर्गत ग्राम सेमरी घटही के मजरे गिरधरपुरवा निवासी मुरली के दो बच्चे अंजली पुत्री मुरली (8)व अर्जुन पुत्र मुरली (7) शनिवार की शाम को घर के सामने लगे नल पर पानी भर रहें थे। इसी दौरान नल के पास खेत में पहले से ही घात लगाए बैठे तेंदुए ने झपट्टा मारकर घायल कर दिया भाई-बहन की चीख पुकार सुनकर परिजन दौड़े और आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गये। ग्रामीणों ने हांका लगाते हुए तेंदुए को भगाया तथा सूचना वन चौकी सेमरी घटही को दी गई। मौके पर पहुंचे वन दारोगा गणेश शंकर शुक्ल ने वाचरो की टीम के साथ तेंदुए के हमले की पुष्टि की है। एंबुलेंस की सहायता से जख्मी भाई बहन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर पहुंचाकर भर्ती कराया गया है। वनक्षेत्राधिकारी मुर्तिहा रत्नेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद वनकर्मियों की टीम मौके पर भेजी गई थी। लोगों को सतर्क किया गया है। मौके पर वन विभाग की टीम मौजूद हैं। जो ग्रामीणों को जागरूक कर रही है।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने लगाई झाड़ू, उठाया कूड़ा



एजेंसी

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को लखनऊ में बालकेश्वर हनुमान मंदिर में आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लिया और साफसफाई की।

यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को लखनऊ के बालकेश्वर हनुमान मंदिर में साफसफाई की और स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने %स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ ग्राम, अयोध्या धाम, जय श्रीराम% का नारा दिया था और देश के लोगों से स्वच्छता अभियान में भाग लेने की अपील की थी। पीएम मोदी अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले 11 दिन का अनुष्ठान कर रहे हैं और देश के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने की अपील की है। इसमें भाजपा के सभी कार्यकर्ता योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने स्वच्छता का महत्व बताते हुए सफाईकर्मियों को पैर धोए थे और मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने की अपील की थी। यह अभियान आगे बढ़े इसलिए बालकेश्वर मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया है।

## वृद्धा को चाकू मारा, दो भाइयों पर केस

**लखनऊ।** बिजनौर के माती बलवंत खेड़ा निवासी किसान रामप्रताप के परिवार के लोग शुक्रवार सुबह अपने-अपने काम पर चले गए। घर में उनकी बुजुर्ग मां विशुनदेई (82) अकेली थीं। तभी गांव के रहने वाले दो सगे भाई बृज बहादुर व बृजमोहन उनके घर में घुस आए और भूमि विवाद के चलते विशुनदेई के साथ गालीगलौज करते हुए उनके पेट में चाकू से हमला करके भाग गए। पड़ोसियों से खबर पाकर परिवार के लोग घर पहुंचे तो विशुनदेई खून से लथपथ मिलीं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने कई टांके लगाए। रामप्रताप ने आरोपी बृज बहादुर व बृजमोहन के खिलाफ बिजनौर थाने में केस दर्ज कराया है।

## दूसरे तल पर नहीं जा सकेंगे श्रद्धालु

एजेंसी



**लखनऊ।** रामजन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन राममंदिर के दूसरे तल पर श्रद्धालु नहीं जा सकेंगे। तीन मंजिला राम मंदिर 161 फीट ऊंचा होगा। भूतल में रामलला की स्थापना होगी। प्रथम तल पर रामदरबार की स्थापना की जाएगी। दूसरे तल को खाली रखा जाएगा। इसका उपयोग केवल अनुष्ठानों के लिए ही किया जाएगा। शेष समय इसे बंद रखा जाएगा। राममंदिर का भूतल बनकर तैयार हो चुका है। 22 जनवरी को भूतल के भव्य गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। वहीं प्रथम तल का भी 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है। तीन महीने में प्रथम तल बनकर तैयार हो जाएगा। प्रथम तल में राम दरबार की स्थापना की जानी है। इसके लिए सिंहासन बनाने का काम शुरू हो चुका है। राम जन्मभूमि के पुजारी रोजाना सिंहासन की पूजा-अर्चना भी करने लगे हैं। प्रथम तल में श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान की मूर्ति स्थापित की जाएगी। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि मंदिर के दूसरे तल की ऊंचाई काफी ज्यादा हो जाएगी, इसको देखते हुए दूसरे तल पर श्रद्धालुओं को नहीं जाने दिया जाएगा। यह तल पूजा-पाठ और अनुष्ठान के लिए प्रयोग किया जाएगा, बाकी समय इसे बंद रखा जाएगा।

रामलला के स्वागत में जिले में जमकर आतिशबाजी हो सकेगी। आसानी से लोगों को सामग्री उपलब्ध कराने के लिए दिवाली की तर्ज पर शहर के जीआईसी में आतिशबाजी की दुकानें सजेंगी। 19 जनवरी से ही दुकानें लगाने की योजना है। इसके लिए जिला प्रशासन ने अस्थायी लाइसेंस जारी करने की कवायद शुरू की है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में अयोध्यावासी तमाम तरह से तैयारियां करने में जुटे हैं। कोई रंगोली बनाकर प्रभु का स्वागत करने की तैयारी में है तो किसी ने रंग-बिरंगी झालरों से घर को सजाकर आतिशबाजी की योजना बनाई है। रामभक्तों की भावनाओं का सम्मान करते हुए जिला प्रशासन ने भी तैयारी की है। लोग सुलभतापूर्वक आतिशबाजी कर सकें, इसके लिए अस्थायी तौर पर दुकानें सजाई जाएंगी। सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद द्विवेदी ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है। शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा। तीन दिन के लिए लाइसेंस देने की योजना है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निर्मल खत्री 22 जनवरी को नए मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं जाएंगे। ट्रस्ट की ओर से उन्हें भी आमंत्रित किया गया था। समारोह को लेकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से अपनाए गए स्टैंड को देखते हुए उन्होंने यह फैसला किया है। डॉ. खत्री ने शनिवार को बताया कि 22 को तो वह समारोह में नहीं जाएंगे, लेकिन इसी महीने 22 तारीख के बाद नए मंदिर में जाकर रामलला को अपनी श्रद्धा निवेदित करेंगे। हालांकि 15 जनवरी को पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ यूपी के कई वरिष्ठ नेता रामलला के दर्शन के लिए आ रहे हैं।

## कोहरे की घनी चादर में लिपटा प्रदेश

# मुजफ्फरनगर रहा प्रदेश का सबसे ठंडा शहर

एजेंसी



**लखनऊ।** रविवार के दिन की शुरुआत कोहरे की घनी चादर से हुई। लखनऊ और उसके आसपास दृश्ता करीब-करीब शून्य रही। कोहरे के साथ-साथ गलन और ठिठुरन से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। लखनऊ और उसके आसपास रविवार की सुबह की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई। कहीं-कहीं पर विजबिलटी शून्य जैसी रही। सड़कें शांत रहीं। वाहन रेंगते हुए नजर आए। कोहरे के साथ गलन का भी असर रहा। इसके पहले शनिवार को भी शीतलहर ने पूरे प्रदेश को चपेट में लिया। शनिवार को इसका दायरा बढ़ा और कानपुर, शाहजहांपुर, मुजफ्फरनगर व मेरठ भीषण चपेट में रहे। शेष इलाकों ने गलन भरी ठंड की मार झेली। लुढ़कते पारे के साथ मुजफ्फरनगर प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। वहां न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री दर्ज हुआ। प्रदेश में 50 फीसदी से अधिक इलाके शनिवार को घने कोहरे की चपेट में रहे। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, कानपुर में न्यूनतम तापमान स्थिर बना रहा, यहां पर न्यूनतम तापमान 3 डिग्री ही रहा। मेरठ में भी पारे में गिरावट दर्ज की गई। यह 4.8 के 3.4 डिग्री तक लुढ़क गया। बरेली में न्यूनतम तापमान में 4.6 व शाहजहांपुर में 3.9 डिग्री दर्ज हुआ। लखनऊ भी ठंडा रहा, लेकिन पारे में थोड़ी बढ़ोतरी के कारण ठंड जितनी शुक्रवार को थी उतनी ही शनिवार को रही। यहां न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

### इन जिलों के लिए अलर्ट

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, शीतलहर, घने कोहरे के लिहाज से अगले तीन दिन अहम है। शीतलहर के साथ कहीं-कहीं दिन भी अत्यधिक ठंडे हो सकते हैं। अमरोहा, बहराइच, बलरामपुर, बरेली, बस्ती, बिजनौर, देवरिया, गोंडा, गोरखपुर, कुशीनगर, लखीमपुरखीरी, महाराजगंज, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, संभल, शाहजहांपुर, शामली, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, श्रावस्ती, आगरा, अमेठी, औरैया, बांदा, चंदौली, चित्रकूट, एटा, इटावा, फरुखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, जौनपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुरनगर, कासगंज, कौशांबी, लखनऊ, मैनपुरी, मथुरा, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, संत रविदासनगर, उन्नाव व वाराणसी इससे ज्यादा प्रभावित होंगे।पश्चिम यूपी में आज पाले की चेतावनी भी है।

### शून्य से 50 मीटर तक दृश्यता

कोहरे के चलते आगरा, प्रयागराज, कानपुर और गोरखपुर में दृश्यता शून्य मीटर तक पहुंच गई। हमीरपुर, फतेहगढ़ में 10, बलिया में 15, अलीगढ़, बहराइच में 30, हरदोई में 40, लखनऊ, वाराणसी, गाजीपुर, शाहजहांपुर में 50 मीटर तक दृश्यता रही।

# सम्पादकीय


## राम से जय श्रीराम तक के राम

'राम' भारतीय चिंतन परंपरा का सबसे चहेता चेहरा है। उनमें निर्गुणों का, सगुणों का सबका समान हिस्सा है। ब्रह्मवादी उनमें ब्रह्म स्वरुप को देखते हैं। निर्गुणवादियों के लिए आत्मा ही राम है। अवतारवादियों के वे अवतार हैं। वैदिक साहित्य में उनका विचित्र रूप है। बौद्ध कथाएं उनके करुणा रूप से कसी हुई हैं। राम का अतीत इतना व्यापक और विस्तारित है कि उस पर समझ और संज्ञान की सीमाएं हैं। उन्हें चिन्हित करना बहुत दूर की कोड़ी है। भारतीय समाज में राम उस वट-वृक्ष की तरह है जिसकी छत्रछाया में भक्त, आलोचक, आम, खास, आराधक, विरोधक, सम्बोधक सबके सब न जाने कितने सालों से एक साथ चले आ रहे हैं। 'राम' भारतीय चिंतन परंपरा का सबसे चहेता चेहरा है। उनमें निर्गुणों का, सगुणों का सबका समान हिस्सा है। ब्रह्मवादी उनमें ब्रह्म स्वरूप को देखते हैं। निर्गुणवादियों के लिए आत्मा ही राम है। अवतारवादियों के वे अवतार हैं। वैदिक साहित्य में उनका विचित्र रूप है। बौद्ध कथाएं उनके करुणा रूप से कसी हुई हैं। वाल्मीकि के राम कितने निरपेक्ष हैं देखते ही बनता है। तुलसी के राम भारतीय जनमानस में बसे राम हैं, यहां सबके घट-घट में सजे राम हैं। राम ही हैं जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोए हुए हैं। भारतीय समाज के लिए तो सम्मान का सम्बोधन ही 'राम-राम' हो जाता है। यह अकारण नहीं है जो सब कुछ राममय हो गया है। यहां हर घर का बड़ा बेटा राम हो जाता है जो आज्ञाकारी है, त्यागी है, सेवाभाव वाला है। आदर्श शासक सबको राम सरीखा नजर आता है। यहां तक कि रामराज्य आदर्श व्यवस्थाओं के आग्रह का आवशयक आधार बन जाता है। राम भारतीय परम्परा का अभिन्न हिस्सा हैं। तुलसी के राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और वाल्मीकि के राम मानवीय भावनाओं से ओत-प्रोत संतुलित राम हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अपने जीवन में एक-एक मर्यादा की पालना की, समाज के सम्मुख आदर्श रखे। पुत्र, पिता, भाई, पति, राजा, मित्र तमाम स्वरूपों में मानवीय भावनाओं के संतुलक राम सिर्फ भारत के ही आदर्श नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्श रूप में अनुकरणीय है। भगवान राम का जीवन आम जीवन से जुड़ा जीवन है, वह चमत्कृत नहीं सबको आकर्षित करता है। पत्नी के अपहरण पर भी समाज से सहयोग मांगा और संघर्ष किया। तो उसे वापस पाने के लिए मिल बैठकर नीति बनाई। लंका जाने के लिए एक-एक पत्थर जोड़कर पुल बनाया। एक कुशल प्रबन्धक की तरह लौटे तो पूरी सेना के साथ लौटे, एक साम्राज्य निर्माण की आकांक्षा से लबरेज रामराज की कामना के साथ। राम अगम है सगुण हैं निर्गुण है। कहत कबीरं ÷निर्गुण राम जपहुं रे भाई। राम के चरित्र में पग-पग पर मर्यादा है, त्याग है, प्रेम है और लोक व्यवहार का साक्षात्कार है। राम मानवता में मथे महापुरुष हैं। राम लोकतंत्र के लोकपाल हैं, सबके प्रेरक हैं और समाज के सह-निर्माता हैं। राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव तभी संभव हो भी पाया। राम से भारतीय समाज सदैव सार्थकता पाता रहा है। भारत का आम जन-जीवन युगों-युगों से राम के दृष्टिकोण के साथ जीवन के संदर्भों-स्थितियों-परिस्थितियों-मनःस्थितियों-घटनाओं-प्रतिघटनाओं और प्रघटनाओं को मूल्यांकित करता रहा है। राम भारतीय समाज की वैचारिक थाती है। राम भारतीय संस्कृति की सतत प्रवाहमान धारा हैं। उनके उग्र स्वरूप के चित्रण में वैसा प्रभाव नहीं है जैसा उनकी सौम्यता में समाया हुआ है। राम बहुत सहज, सौम्य और सम्मोहक है। इसलिए वह सर्वत्र है, सबके है और सब उनके है। रहीम खान-ए-खाना कहते है कि' रामचरित मानस हिन्दुओं के लिए ही नहीं मुसलमानों के लिए भी आदर्श है। 'तभी उन्होंने लिखा 'रामचरित मानस विमल, संतन जीवन प्रान, हिन्दुअन को वेद सम, तुरकहिं प्रगट कुरान।'

राम किसी धर्म, देश, दुनियां की सीमाओं में सीमित नहीं है वह एक विलक्षण विचार हैं। साहित्य में खुसरो, रसखान, आलम रसलीन, हमीदुद्दीन नागौरी, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती सबने राम की काव्य-पूजा की तो किसी ने राम की शक्ति पूजा की है। तुलसी, कबीर, नानक और रैदास सब राम में रमे रहे। तुलसी कहत 'राम न सकहिं नाम गुन गाहीं। 'अर्थात स्वयं 'राम' भी इतने समर्थ नहीं है कि वह अपने ही नाम के प्रभाव का गान कर सकें। कबीर कहते हैं 'राम गुण न्यारो न्यारो। अबुझा लोग कहांलौं बूझै, बूझनहार विचारो। 'राम के गुण बेहद न्यारे हैं। नासमझ लोग उन्हें रटते रहते हैं, कोई समझने की कोशिश ही नहीं करता। गांधी के राम 'रघुपति राघव राजा राम' जब 22 जनवरी, 1921 को आज से लगभग एक सदी पूर्व 'यंग इंडिया' में उन्होंने लिखा, 'मेरे लिए राम, अल्लह और गॉड सब एक ही हैं। 'इसी चिंतनधारा में संत विनोबा भावे जी राम, कृष्ण, बुद्ध को अवतार घोषित किए जाने के प्रश्न पर कहते हैं 'दरअसल विचार का ही अवतार होता है। लोग समझते हैं कि राम कृष्ण, बुद्ध, अवतार थे। हमने उन्हें अवतार बनाया है। अवतार व्यक्ति का नहीं विचार का होता है और विचार के वाहन के तौर पर मनुष्य काम करते हैं। युगानुकूल वैचारिकी खड़ी करते हैं। किसी युग में राम के रूप में सत्य की महिमा प्रकट हुई तो किसी में कृष्ण के रूप में प्रेम की, तो कभी बुद्ध के रूप में करुणा की।' भारत की हर एक भाषा में रामकथाएं कही गई हैं। भारत के बाहर फिलीपाईन्स, थाईलैंड, लाओस, मंगोलिया, साईबीरिया, मलेशिया, म्यांमार, स्याम, इंडोनेशिया, जावा, सुमात्रा, कम्बोडिया, चीन, कपान, श्रीलंका, वियतनाम सभी में रामकथा के ढेरों स्वरूप मौजूद है। इससे स्पष्ट है कि यदि राम केवल राजा होते, न्यायी होते, सदाचारी होते, धर्म प्रवर्तक होते तो शायद उनकी स्मृति भी कब की क्षीण हो चुकी होती और वह इतिहास बनकर रह गए होते। राम इतिहास नहीं हैं वह तो हर पल नए निवर्तमान हैं। अपना कोई धर्म-पंथ न चलाते हुए भी धर्म का आदि और अंत हैं। स्थूल रूप में अपने समय में नर-लीला करते हुए भी अतीत नहीं हुए वर्तमान हैं। मौजूदा दौर का सवाल थोड़ा दुरुह है। क्या यह राम विचार का विश्राम है। जब राजनीति के राम जय श्रीराम हैं। 21वीं सदी की वैचारिक विमाओं में राम की भूमिका राष्ट्र निर्माण के किस रूप में अवतरित हों? आज यह यक्ष प्रश्न भारतीय चित्त की बड़ी चुनौती है। मौजूदा भारतीय नेतृत्व को नए राष्ट्र संगठक राम की तलाश है। राम की प्रतिष्ठा राजनीति से ज्यादा राष्ट्रनीति में निहित है। गंभीर सवाल यही है कि नई पीढ़ी के लिए राम कैसे हो? नयी सदी के नए दिमागों में राम की नई उपमाएं कैसे उगे? मौजूदा चुनौतियों को मानस मंथन की नयी व्याख्याएं कैसे हल करें। जब विश्व मानवता और विज्ञान के विकास का क्रम इतना सहज न रहा हो? क्या नई पीढ़ी का वाल्मिकि के 'राम' से काम चल जायेगा? या तुलसी, कबीर और रसखान के 'राम' से सब काम बन जायेगा। आजाद भारत में गांधी, निराला और रामानंद सहित भारतीय राजनीति 'राम' को कितना भारतीयता के निकट ला पाती है। युवा पीढ़ी की आधुनिकता को कितना राम समर्थित बना पाती है। आधुनिक राम और आध्यात्मिक राम में संतुलन साधने का उद्यम तो नई पीढ़ी के लिए आज नहीं तो कल करना ही होगा। जो जय श्रीराम के जयकारे से आगे बढ़कर हर दिल के हलकारे तक राम के रंग बिखेर सके। देश का हर जवान उमंगित हो उठे, झूम उठे, गा उठे ÷होली खेले रघुवीरा, अवध में............÷

नए भारत के ग्लोबल इंडिया के ये वे द्वंद्व हैं जो नए मुहावरों में राम को रमना चाहते हैं। क्या नयी सदी का भूमंडलीय भारत नई नैतिकताओं और नई सामूहिकताओं की नई सामाजिक संहिता की सैद्धांतिकी के साथ नए राम की रचना करने वाले नए नरेशन को राजनीति के बाहर विस्तारित कर पाएगा। यहीं वह सबसे मौजूं सवाल है जिसके जवाब में राम युगो-युगों तक भारत के भीतर प्राण संचार करने वाले जन-नायक रहे हैं। राम का जीवन चरित्र संघर्ष में भी धीरज देता है। घोर नैराश्य में भी साहस और संयम सिखाता है। राम एक आदर्श व्यक्तित्व के पूरक हैं। राम का पूरा जीवन ही संघर्षों और आदर्शों से लबालब है। राम एक आदर्श पुत्र, पति या भाई ही नहीं है भारतीय समाज के लिए मर्यादा हैं। विनय और विवेक के विनायक हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों और संयम के संवाहक राम हैं। एक मर्यादित, संयमित और संस्कारित जीवन की जीवंत झांकी है मर्यादा पुरुषोत्तम राम। राम का राज्य जन सेवा के लिए नीतिकुशल न्यायप्रिय राजा का हैं। पारिवारिक मूल्यों के लिए निष्ठावान पीढ़ी के संस्कार वाला जीवन राम का है। वैवाहिक आदर्शता की पराकाष्ठा को परोसते राम ने पिता के तीन विवाहों के वातावरण में भी सीता सी सती के लिए वियोगी जीवन संघर्ष जारी रखा। यह राम ही कर सकते हैं। राम का यह पारिवारिक व्यवहारिक जीवन-दर्शन भारतीय समाज की रग-रग में रमता है। उनके आदर्श उत्तर से दक्षिण तक सम्पूर्ण भारतवर्ष के जनमानस में जमें हुए हैं। राम का तेजस्वी और पराक्रमी स्वरूप भारत राष्ट्र को रक्षित रखता है। असीम क्षमता और अपार शक्ति वाले राम संयमित और मर्यादित जीवन जीते हैं।

# रामजन्मभूमि आंदोलन भारत के इतिहास में एक निर्णायक और परिणामकारी घटना सिद्ध हुई



अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए किया गया रामजन्मभूमि आंदोलन 1947 के बाद के भारत के इतिहास में एक निर्णायक और परिणामकारी घटना सिद्ध हुई। हमारे समाज, राजनीति तथा राष्ट्रीय पहचान की भावना पर इसका गहरा प्रभाव रहा है। मैं शब्दातीत प्रफुल्लित हूँ कि हम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में एक भव्य श्रीराम मंदिर बनाने के मेरे सबसे प्रिय सपने को साकार होता देखने वाले हैं। 22 जनवरी, 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अयोध्या के दिव्य मंदिर में श्रीराम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा करेंगे। मैं धन्य हूँ कि मैं अपने जीवनकाल में इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनूँगा। मेरा सदैव मानना रहा है कि एक सार्थक जीवन और समाज, दोनों की ही नींव आस्था पर टिकी होती है। आस्था व्यक्ति के जीवन में न केवल ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करती है, बल्कि उसे दिशा देने में भी सहायक होती है। मेरे लिए और करोड़ों भारतीयों के लिए, यही आस्था श्रीराम के प्रति हमारी अगाध श्रद्धा रही है। श्रीराम भारत की आत्मा के प्रतीक है। भारत और भारतीयता की सच्ची आत्मा अनुशासन, सच्चाई, सत्यनिष्ठा, नैतिकता, नैतिक मूल्य, विविधता को स्वीकार करना और उस पर गर्व करना, बड़ों के प्रति सम्मान, सुदृढ़ पारिवारिक संबंध और ऐसे सभी उत्कृष्ट मानवीय मूल्य है; श्रीराम इन सभी निष्कलंक मानवीय गुणों के प्रतीक हैं। इसीलिए उन्हें %मर्यादा पुरुषोत्तम% कहा जाता है। वे भारतीयों की उच्च मूल्यों का जीवन जीने की आकांक्षा के एक आदर्श हैं। श्रीराम एक आदर्श राजा भी थे धर्म के जीवंत अवतार। इसलिए सुशासन के प्रतीक रामराज्य की अवधारणा को भारत के लिए आदर्श के रूप में प्रचारित किया गया। यद्यपि श्रीराम हिंदुओं के लिए पूजनीय पवित्र धार्मिक विभूति हैं, साथ ही वे भारत की उस सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय पहचान के भी एक प्रमुख प्रतीक हैं, जो समान रूप से प्रत्येक नागरिक की धरोहर है। श्रीराम के जीवन की कहानी, रामायण, भारत की सांस्कृतिक परंपराओं की निरंतरता का स्रोत और वाहक दोनों है और इसने शताब्दियों से पीढ़ी-दर-पीढ़ी, भारतीय मानस को बहुत प्रभावित किया है। इसलिए पिछले लगभग 500 वर्षों से, कोटि-कोटि भारतीयों की हार्दिक इच्छा रही है कि अयोध्या में श्री राम मंदिर का पुनर्निर्माण हो।

अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए किया गया रामजन्मभूमि आंदोलन 1947 के बाद के भारत के इतिहास में एक निर्णायक और परिणामकारी घटना सिद्ध हुई। हमारे समाज, राजनीति तथा राष्ट्रीय पहचान की भावना पर इसका गहरा प्रभाव रहा है। मैंने सदैव कहा है कि मेरी राजनीतिक यात्रा में अयोध्या आंदोलन सबसे निर्णायक परिवर्तनकारी घटना थी, जिसने मुझे भारत को पुनः जानने और इस प्रक्रिया में अपने आप को भी फिर से समझने का अवसर दिया। मैं विनम्रता से कहता हूँ कि नियति ने मुझे 1990 में सोमनाथ से अयोध्या तक श्रीराम रथयात्रा के रूप में एक महत्त्वपूर्ण कर्तव्य निभाने का अवसर दिया। मेरा मानना है कि कोई भी घटना अंततः वास्तविकता में घटित होने से पहले व्यक्ति के मन-मस्तिष्क में आकार लेती है। उस समय मुझे लग रहा था कि नियति ने यह निश्चित कर लिया है कि एक दिन अयोध्या में श्रीराम का एक भव्य मंदिर अवश्य बनेगाः बस अब केवल समय की बात है। रामजन्मभूमि पर श्रीराम का एक भव्य मंदिर बनना भारतीय जनता पार्टी की प्रबल इच्छा और दृढ़ संकल्प रहा है। 1980 के दशक के मध्य में जब अयोध्या मुद्दा राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आ गया, तो मुझे वह समय याद आया कि कैसे महात्मा गांधी, सरदार पटेल, राजेंद्र प्रसाद और के.एम. मुंशी जैसे राजनीतिक दिग्गजों के प्रभावी नेतृत्व द्वारा, सभी बाधाओं के बाद भी, स्वतंत्र भारत में एक और ऐतिहासिक मंदिर (गुजरात में सौराष्ट्र के तट पर प्रभासपाटन में सोमनाथ मंदिर) के पुनर्निर्माण का पथ प्रशस्त किया था। मध्य काल में सोमनाथ अनेक विदेशी आक्रांताओं के निशाने पर रहा और उनके आक्रमणों का साक्षी भी रहा, तथा सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण अपने खोए सांस्कृतिक गौरव को वापस पाने और धर्मांध विदेशी आक्रांताओं के इतिहास को मिटाने के भारत के दृढ़ संकल्प का एक गौरवपूर्ण प्रमाण है। दुखद है कि सोमनाथ के समान ही, अयोध्या में श्रीराम के जन्मस्थान पर बना मंदिर भी मुगल साम्राज्य की स्थापना करने वाले आक्रमणकारी बाबर के हमले का निशाना बन गया था। 1528 में बाबर ने अपने कमांडर मीर बाकी को अयोध्या में एक मस्जिद बनाने का आदेश दिया, ताकि उस स्थान को फरिश्तों के अवतरण का स्थान बनाया जा सके, इसलिए इसका नाम बाबरी मस्जिद पड़ा। यह सभी मानते हैं और बाद में पुरातात्त्विक साक्ष्यों से इसकी पुष्टि भी हो गई कि अयोध्या में पहले से ही एक मंदिर था, जिसे मस्जिद की स्थापना के लिए ध्वस्त कर दिया गया था। इस कारण, कई अर्थों में अयोध्या आंदोलन ने सोमनाथ की भावना को ही आगे बढ़ाया। 1990 में जब भाजपा ने निर्णय लिया कि पार्टी अध्यक्ष के रूप में मुझे अयोध्या आंदोलन के लिए जनसमर्थन जुटाने के उद्देश्य से श्रीराम रथयात्रा का नेतृत्व करना चाहिए, तो मैंने स्वाभाविक ही इस ऐतिहासिक यात्रा के आरंभिक स्थल के रूप में सोमनाथ को चुना। 12 सितंबर, 1990 को मैंने 11 अशोक रोड, नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई और 10,000 किलोमीटर लंबी रथयात्रा करने के अपने निर्णय की घोषणा की। यात्रा 25 सितंबर को सोमनाथ से आरंभ होकर 30 अक्तूबर को अयोध्या पहुँचने वाली थी, जहाँ आंदोलन से जुड़े संतों की योजना के अनुसार कारसेवा की जानी थी। 25 सितंबर मेरे लिए विशेष था, क्योंकि इस दिन पं. दीनदयाल उपाध्यायजी की जयंती है।

अपनी आत्मकथा मेरा देश मेरा जीवन में मैंने 1990 में अयोध्या आंदोलन और श्रीराम रथयात्रा के विषय में विस्तार से चर्चा की है। आज के इस विशेष अवसर पर में इसके कुछ महत्त्वपूर्ण अंशों को याद दिलाना चाहूँगा। 25 सितंबर, 1990 की सुबह मैंने सोमनाथ मंदिर में ज्योतिर्लिंग की पूजा-अर्चना की। मेरे साथ वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी (जो उस समय भाजपा के एक होनहार नेता थे), श्री प्रमोद महाजन (जो पार्टी के महासचिव थे), गुजरात में पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और मेरे परिवार के सदस्य थे। पार्टी के दो उपाध्यक्ष राजमाता विजयाराजे सिंधिया और श्री सिकंदर बख्त रथ को हरी झंडी दिखाने आए थे। रथ को रवाना करने से पहले हम सभी ने मंदिर के ठीक बाहर सरदार पटेल की भव्य प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मैंने मन-ही-मन उन सभी महापुरुषों को धन्यवाद दिया और उनसे प्रेरणा ली, जिन्होंने मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए कड़ा परिश्रम किया था। स्वागत और आशीर्वाद देने के लिए एकत्र हुई भारी भीड़ के बीच हम श्रीराम रथ पर चढ़े, जिसे गेंदे के फूलों से सजाया गया था। फिर गुंजायमान शंखनाद ओर जय श्रीराम व %सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएँगे के गगनभेदी नारों के साथ रथ आगे बढ़ा। बाद के दिनों में ये नारे मेरी यात्रा की पहचान बन गए और भारत की स्वर कोकिला, स्वर सम्राज्ञी स्वर्गीय श्रीमती लता मंगेशकर द्वारा गाया गीत ÷राम नाम में जादू ऐसा, राम नाम मन भाए; मन की अयोध्या तब तक सूनी, जब तक राम न आएँ÷- रथयात्रा का मुख्य गीत बन गया। गुजरात में पहले कुछ दिनों में ही यात्रा को मिले प्रतिसाद और उसके प्रति उत्साह से में वास्तव में अभिभूत था। सभी स्थानों पर भारी भीड़ ने रथ का स्वागत किया। गाँवों, कस्बों और यहाँ तक कि सड़कों पर भी, आस-पास की बस्तियों के लोग पेड़ों के नीचे इकट्ठा होकर रथ के आने की उत्सुकता से प्रतीक्षा किया करते थे। बड़े कस्बों और शहरों में यह अपूर्व उत्साह चरम पर पहुँच गया था, जिसके कारण हमें अपनी बैठकों के स्थल तक पहुँचने में घंटों लग जाते थे। यह जनसमर्थन महाराष्ट्र के साथ-साथ उसके बाद के सभी राज्यों में भी उत्तरोत्तर बढ़ता गया, जहाँ-जहाँ से यात्रा गुजरी। जगह-जगह लोगों ने भव्य तोरणद्वार बनाकर और पुष्पवर्षा करके रथ का स्वागत किया। मेरे लिए सबसे आश्चर्यजनक दृश्य वह था, जिसमें लोग, विशेष रूप से महिलाएँ, रथ के आगे आकर आरती करती थीं और सिक्के चढ़ाती थीं, जैसे कि वे किसी मंदिर में प्रार्थना कर रही हों। मुझे शीघ्र ही अनुभव हुआ कि अनेक लोगों के लिए, इस अभियान की दृष्टि से मैं इतना महत्त्वपूर्ण नहीं था और मेरे द्वारा इसका नेतृत्व करना मात्र एक संयोग था। मैं तो केवल एक सारथी था; रथयात्रा का प्रमुख संदेशवाहक स्वयं रथ ही था। और यह पूजा के योग्य इसीलिए था, क्योंकि यह श्रीराम मंदिर के निर्माण के पवित्र उद्देश्य की पूर्ति के लिए उनके जन्मस्थान अयोध्या जा रहा था। इस बिंदु पर मैं उस %रथ% के विषय में कुछ कहना चाहूँगा, जिसमें मैंने यात्रा की थी। वह वास्तव में एक मिनी ट्रक था, जिसे रथ का आकार देने के लिए रीडिजाइन किया गया था और इसमें मूलभूत सुविधाएँ प्रदान की गई थीं। रथ में यात्रा करना मेरे लिए वास्तव में एक अद्भुत और अविस्मरणीय अनुभव था, लेकिन इसने अपनी ही अनेक चुनौतियाँ भी प्रस्तुत कीं। वाहन के पीछे एक छोटा कमरा-सह-शौचालय था, जिसका उपयोग केवल तभी किया जा सकता था, जब वाहन चल न रहा हो, क्योंकि यह बहुत उछलता था। मुझे याद है कि अपना संतुलन बनाए रखने के लिए मुझे अधिकतर चलती गाड़ी के मंच पर सामने और किनारे पर लगी रॉड को पकड़कर खड़ा होना पड़ता था। निस्संदेह इस कारण लगातार गरमी और धूल का भी सामना करना पड़ता था, क्योंकि मंच तीन तरफ से खुला था। इसके अलावा रथ के चलते समय यह असंभव था कि मैं पानी, जूस या चाय बिना गिराए पी सकूँ। इसलिए इस समस्या को दूर करने के लिए एक विशेष सिपर बोतल की व्यवस्था की गई। जहाँ तक भोजन की बात है, तो ऐसी व्यवस्था की गई थी कि रात का खाना उस शहर के अपनी पार्टी के किसी कार्यकर्ता के घर से आएगा, जहाँ हमें रात्रि विश्राम के लिए पहुँचना था। चूंकि अंतिम सार्वजनिक बैठक हमेशा आधी रात के लगभग ही समाप्त होती थी, इसलिए मैं सामान्यतया मुरब्बा टोस्ट के साथ सिर्फ एक गिलास दूध ही लेता था। एक और समस्या हमें अक्सर रथ की ऊँचाई के कारण आती थी। हालांकि पार्टी के अधिकारियों ने यात्रा के मार्ग में विभिन्न गंतव्यों तक वाहन की ऊँचाई के बारे में अग्रिम जानकारी प्रसारित की थी, लेकिन जैसे-जैसे हम छोटे कस्बों और शहरों से गुजरते थे, ऊपर लटकते बिजली के तारों के कारण बार-बार रुकावट आती थी। इसलिए पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तारों को रास्ते से हटाने के लिए लकड़ी के अधिक लंबे खंभों की व्यवस्था की और रथ के साथ चलना भी शुरू कर दिया। वैसे, ये सभी वास्तव में छोटी समस्याएँ थीं, जो मेरी श्रीराम रथयात्रा की सुंदर व सुखद स्मृतियों का एक लघुतर भाग है। यात्रा के सबसे मर्मस्पर्शी क्षण गाँवों और दूरदराज की बस्तियों में अनुभव हुए, जहाँ ग्रामीणों के चेहरे पर भक्तिभाव और श्रद्धा शहरों की तुलना में अधिक थी। उनमें से कई या तो अशिक्षित थे या नाममात्र के शिक्षित थे। उन्होंने श्रीराम के बारे में पढ़कर नहीं जाना था। यह ऐसा था मानो इनका ज्ञान उनके माध्यम से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में प्रवाहित हो रहा हो, लोककथाओं या मौखिक रूप से प्रसारित हो रहा हो, जैसा कि आमतौर पर भारतीय समाज में होता है। कई स्थानों पर, मुझे कोई ऐसा ग्रामीण व्यक्ति मिल जाता था, जो बिना कोई नारा लगाए चुपचाप आता, रथ के सामने पूजा करता, मुझे अभिवादन करता और चला जाता। मैं वास्तव में इस तरह के अनुभवों से अभिभूत था, क्योंकि इससे मुझे प्रत्यक्ष रूप से पता चला कि भारतीय लोगों के जीवन में धार्मिकता की जड़ें कितनी गहरी जमी हुई हैं। यह रथयात्रा ही थी, जिसने मुझे अनुभूति कराई कि यदि मुझे धार्मिक बातों के माध्यम से राष्ट्रवाद का संदेश देना है, तो मैं इसे अधिक प्रभावी ढंग से और व्यापक जनसमूह तक पहुँचा पाऊँगा। मेरे भाषण, जो अधिकतर वाहन पर विशेष रूप से बनाए गए ऊँचे मंच से दिए जाते थे, लगभग पाँच मिनट के ही होते थे, क्योंकि मुझे हर दिन सड़क किनारे ऐसे लगभग बीस से पच्चीस स्वागत समारोहों को संबोधित करना पड़ता था। अधिकांश कस्बों और शहरों में, मुझे नीचे उतरकर सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करना पड़ता था, जिसमें हजारों लोग शामिल होते थे। मैं यात्रा के उद्देश्य और उन परिस्थितियों के बारे में बताता था, जिन्होंने भाजपा को रामजन्मभूमि आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए विवश किया था। हालाँकि रथयात्रा पर लोगों की प्रतिक्रिया मुख्य रूप से धार्मिक थी, जबकि मेरे भाषणों का बल राष्ट्रवाद पर था, क्योंकि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि श्रीराम मंदिर का मुद्दा आंतरिक रूप से हमारी भारतीयता की भावना से जुड़ा है। मेरे भाषणों में बार-बार दोहराया जाने वाला एक विषय यह था कि धार्मिक आस्था के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण की शक्ति सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्र-निर्माण में अहम योगदान दे सकती है। मैंने हमारे मुस्लिम भाइयों को स्वतंत्र भारत में समानता प्राप्त होने पर बल दिया, जो भारत के ईश्वर शासित न होने और धर्मनिरपेक्ष बने रहने के कारण संभव हुआ। मैंने कहा, यह मुख्यतः हिंदू धर्म के सदियों पुराने धर्मनिरपेक्ष लोकाचार के कारण था। मैंने मुस्लिम समुदाय के नेताओं से अयोध्या पर हिंदू भावनाओं का सम्मान करने की भी अपील की। मेरी यात्रा 24 अक्तूबर, 1990 को उत्तर प्रदेश के देवरिया में प्रवेश करने वाली थी। हालांकि, जैसा कि मैंने अनुमान लगाया था, इसे 23 अक्तूबर को बिहार के समस्तीपुर में रोक दिया गया और श्री लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली जनता दल सरकार द्वारा मुझे गिरफ्तार कर लिया गया। मुझे बिहार-बंगाल सीमा पर दुमका के पास मसानजोर नामक स्थान पर सिंचाई विभाग के एक निरीक्षण बंगले में ले जाया गया। इस कार्रवाई पर पूरे देश में आक्रोश और बड़ी संख्या में स्वतः स्फूर्त विरोध प्रदर्शन किए गए। यह वह समय था, जब मोबाइल फोन नहीं थे। मेरी गिरफ्तारी की खबर मेरी बेटी प्रतिभा तक बड़े दिलचस्प ढंग से पहुँची, जो उस समय कोलकाता में थी। वह अपने घर वापस जाने के लिए टैक्सी की प्रतीक्षा में थी, तभी एक टैक्सी ड्राइवर ने उनसे कहा कि वह झटपट सवार हो जाएँ। जब प्रतिभा ने उनसे पूछा कि वह ऐसा क्यों कह रहे हैं, तो टैक्सी ड्राइवर ने उन्हें बताया कि आडवाणी बाबा को गिरफ्तार कर लिया गया है और लोगों को डर था कि शहर में दंगे हो सकते हैं! दो दिन बाद, प्रतिभा ने लालू प्रसाद यादवजी से बात की, जिन्होंने मेरी हिरासत के दौरान उन्हें मसानजोर में मुझसे मिलने आने में सहायता की। पाँच सप्ताह हिरासत में बिताने के बाद मुझे रिहा कर दिया गया। इस प्रकार मेरी श्रीराम रथयात्रा समाप्त हुई, जो वास्तव में मेरे राजनीतिक जीवन का एक अद्भुत अविस्मरणीय उत्साहवर्धक प्रसंग था। मुझे प्रसन्नता हुई कि यात्रा ने अपने अनगिनत प्रतिभागियों की आकांक्षाओं, ऊर्जा और उत्साह को अपूर्व विस्तार दिया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान शुरू हुई एक महत्त्वपूर्ण बहस वास्तविक धर्मनिरपेक्षता और छद्म धर्मनिरपेक्षता के बीच का अंतर थी। एक ओर, आंदोलन को व्यापक जन समर्थन प्राप्त था, वहीं दूसरी ओर, अधिकांश राजनीतिक दल इस आंदोलन का समर्थन करने से इसलिए कतरा रहे थे, क्योंकि उन्हें मुस्लिम वोट खोने का डर था। वे वोट बैंक की राजनीति के लालच में आ गए और उसे धर्मनिरपेक्षता के नाम पर उचित ठहराने लगे। इस प्रकार, अयोध्या मुद्दा, जिसका प्राथमिक उद्देश्य श्री रामजन्मभूमि मंदिर का पुनर्निर्माण था, छद्म धर्मनिरपेक्षता के हमले के कारण धर्मनिरपेक्षता के वास्तविक अर्थ को पुनःस्थापित करने का प्रतीक भी बन गया। मेरी श्रीराम रथयात्रा को 33 वर्ष हो गए हैं। तब से बहुत कुछ घटित हुआ, इसमें वो कानूनी लड़ाई भी शामिल है, जिसमें मुझ पर तथा विश्व हिंदू परिषद्, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के मेरे कई सहयोगियों पर मुकदमा चलाया गया। फिर लगभग तीन दशकों के बाद, 30 सितंबर, 2020 को, सीबीआई की विशेष अदालत ने मुझे और अन्य लोगों को बरी कर दिया और सभी आरोपों से मुक्त किया। यह ध्यान देने योग्य है कि एक तरफ जहाँ लंबी कानूनी लड़ाई चल रही थी, वहीं दूसरी तरफ, न केवल मैं, बल्कि भाजपा और संघ परिवार का प्रत्येक कार्यकर्ता भारतीयों की आत्मा को जागृत करने के कार्य में जुटा रहा ताकि रामलला को अपने वास्तविक निवासस्थान पर विराजमान करने का सपना साकार हो सके। मुझे बहुत प्रसन्नता है कि नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट के निर्णायक फैसले के कारण श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण का पथ शांति के वातावरण में प्रशस्त हुआ है। अब जब भव्य श्रीराम मंदिर अपने निर्माण के अंतिम चरण में है, तो मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार, सभी संगठनों, विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी, अनगिनत रथ यात्रा के सहयोगियों, संतों, नेताओं, कारसेवको और भारत तथा दुनिया के सभी लोगों के प्रति गहरी कृतज्ञता की भावना से भर गया हूँ, जिन्होंने कई दशकों तक अयोध्या आंदोलन में बहुमूल्य योगदान और बलिदान दिया। आज मुझे दो व्यक्तियों की बहुत याद आ रही है। पहले व्यक्ति हैं स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी, जो मेरे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं, राजनीतिक और व्यक्तिगत, दोनों ही तौर से और जिनके साथ मेरा एक अटूट और सदाकालीन विश्वास, स्नेह और आदर का संबंध था। दूसरी व्यक्ति हैं मेरी दिवंगत पत्नी कमला, जो मेरे जीवन के लिए स्थिरता का मुख्य आधार रहीं और न केवल श्री राम रथ यात्रा के दौरान, बल्कि मेरे लंबे समय के सामाजिक और राजनीतिक जीवन में अद्वितीय शक्ति का स्रोत बनी रहीं। आगामी 22 जनवरी, 2024 के विशेष अवसर से पहले पूरे देश का वातावरण सचमुच राममय हो गया है। यह मेरे लिए संतुष्टि का क्षण है, न केवल संघ और भाजपा के एक गौरवान्वित सदस्य के रूप में, बल्कि हमारी गौरवशाली मातृभूमि के एक गर्वित नागरिक के रूप में भी। सभी देशवासियों को मेरी अनंत शुभकामनाएँ! जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे, तो वह हमारे महान भारतवर्ष के प्रत्येक नागरिक का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह मेरा अटल विश्वास है और मेरी आशा भी कि यह मंदिर सभी भारतीयों को श्रीराम के गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। मैं यह भी प्रार्थना करता हूँ कि हमारा महान देश न केवल वैश्विक शक्ति बनने के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे, बल्कि जीवन के सभी क्षेत्रों में अपने आप को गरिमा और मर्यादा के एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करें। मैं श्रीराम के चरणकमलों में शीश झुकाता हूँ। वह अपना आशीर्वाद सभी पर बनाये रखें।

**जय श्रीराम !**

**-लाल कृष्ण आडवाणी**

**(लेखक भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं।)**

# विफल विवाह की वेदी पर मासूम और स्त्री की स्थापित छवियों को ध्वस्त करती एक घटना



झूठी सूचना देने से लेकर सूटकेस में अपने बेटे के शव को लेकर घंटों बैठे रहने तक, इस जघन्य कृत्य के दौरान सूचना सेठ का संयम एक ऐसे व्यक्ति की भयावह तस्वीर पेश करता है, जिसे एक स्त्री और एक मां, दोनों रूप में समझना मुश्किल है।

वर्तमान में देश की सबसे बदनाम महिला और अपने चार वर्षीय बेटे की हत्या की आरोपी मां सूचना सेठ ने गिरफ्तारी से ठीक पहले बंगलूरू जाते हुए रास्ते में ढाबे पर पूड़ी और आलू की सब्जी का नाश्ता किया था। कथित रूप से अपने बच्चे के शव को सूटकेस में ले जा रही मां का रास्ते में रुककर खाना खाना असंख्य लोगों के लिए अकल्पनीय है। सूचना सेठ साधारण महिला नहीं है। 40 वर्षीय यह महिला तेजी से सफलता पाने वाले एआई स्टार्ट-अप की संस्थापक है, जिसका एआई स्टार्ट-अप की दुनिया में नाम है। प्रमुख उपलब्धि हासिल करने वाले लोगों की सूची में शामिल सूचना हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की फेलो भी थी। सोशल मीडिया पर उसकी उपस्थिति एक कलात्मक रुझान वाले व्यक्ति की छवि पेश करती है। उसके ज्यादातर इंस्टाग्राम पोस्ट कलाकृति को प्रदर्शित करते हैं। अंतिम इंस्टाग्राम पोस्ट में उसके बेटे चिन्मय की तस्वीर है, जिसके साथ अब एक भयानक कैप्शन है-आगे क्या? दुखद है कि हम उस छोटे से बच्चे के साथ हुए हादसे के बारे में जानते हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट बताती है कि संभवतः तकिये से दबाकर उसकी हत्या की गई और चौंकाने वाली बात है कि उसकी अपनी मां ही कथित अपराधी है। इस हृदय विदारक घटना से पहले उसकी शादी विनाशकारी रूप से बर्बाद हो गई, जिसके विषाक्त नतीजे ने उसे एक मासूम की अकल्पनीय हत्या के लिए दुष्प्रेरित किया। सूचना और उसके पूर्व पति वेंकटरमन बंगलूरू में एक-दूसरे से मिले। दोनों की उम्र तब लगभग बीस वर्ष थी। उनकी महत्वाकांक्षा व तकनीक के प्रति उत्साह उन्हें भारत की %सिलिकन वैली% ले आई, जिसने उनके रोमांस को भी परवान चढ़ाया। सूचना पश्चिम बंगाल से ताल्लुक रखती थी और वेंकट केरल से थे, पर तकनीक के प्रति जुनून ने उन्हें एक साथ ला दिया। नौ वर्षों की शादी में इस दंपति ने अगस्त, 2019 में अपने एकमात्र पुत्र चिन्मय का नन्हे मेहमान के रूप में स्वागत किया। दंपति से परिवार बनना उनके जीवन का एक नया अध्याय था, लेकिन यह अलगाव का कारण बन गया। चिन्मय के जन्म ने उन दोनों के बीच एक गहरी खाई की शुरुआत का संकेत दिया। पहले से ही तनावपूर्ण स्थिति को कोविड लॉकडाउन ने और बढ़ा दिया, जिसने उन्हें नवजात शिशु के साथ घर में ही कैद कर दिया था। अगस्त, 2022 तक रिश्ता पूरी तरह टूट चूका था, और तलाक की अर्जी दाखिल की गई थी। सूचना ने वेंकट पर घरेलू उत्पीड़न का आरोप लगाया और अदालत में अपने आरोप के समर्थन में वाट्सएप मैसेज एवं तस्वीरें पेश कीं। वेंकट ने इन आरोपों से इन्कार किया, लेकिन अदालत ने उसे सूचना के घर में प्रवेश करने से रोक दिया। इस कड़वी कानूनी लड़ाई के बीच सूचना जीवन में आगे बढ़ती दिख रही थी। एक कामकाजी एकल मां के रूप में जीवन को संतुलित करते हुए वह अपने बेटे के साथ एक लक्जरी अपार्टमेंट में रहने लगी। उसके पड़ोसियों ने ध्यान दिया कि वह कटी-कटी स्वभाव की है और देर तक काम करती है। हालांकि तलाक की कड़वाहट बढ़ती गई। सूचना ने अधिक कमाई का हवाला देते हुए वेंकट से पर्याप्त भरण-पोषण की मांग की, जबकि वह कम भरण-पोषण दे रहा था और बेटे से मिलना चाह रहा था, जिसे सूचना मुश्किल बना रही थी। तलाक हालांकि असामान्य बात नहीं है, लेकिन अक्सर कठिनाई से भरा होता है और कभी-कभी हिंसा का कारण बन जाता है। दिसंबर, 2023 में अदालत ने वेंकट को हर रविवार अपने बेटे से मिलने की अनुमति दी। इस फैसले से सूचना परेशान हो गई और वह नियंत्रण खो बैठी। विफल विवाह ने उसके मन में आक्रोश के बीज बो दिए थे, जिसे उसके मौन क्रोध ने लगातार पोषित किया। उसने अपने दोस्तों और परिवार वालों को बताना शुरू कर दिया कि वेंकट से उसके बेटे की समानता ने उसके गुस्से को भड़का दिया है, जो कि ऐसी पारिवारिक समानताएं पैदा करने वाले सामान्य स्नेह के बिल्कुल विपरीत है। जब सूचना छह जनवरी को अपने बेटे के साथ छुट्टियां मनाने गोवा गई थीं, तो लगता है कि उसने पहले से ही मन बना लिया था। आगे की घटनाएं उसके पूर्वचिंतन का संकेत देती हैं, जो बेहद परेशान करने वाला है। जिस क्षण से सूचना सेठ गोवा की फ्लाइट में सवार हुई, एक विला में ठहरी, कफ के बहाने से कफ सिरफ की बोतलों के लिए अजीब तरीके से अनुरोध किया, इन घटनाओं के क्रम से लगता है कि उसने सब कुछ पहले ही तय कर लिया था। पी गई कफ सिरफ की बोतलों का इस्तेमाल संभवतः अबोध बेटे को बेहोश करने के लिए किया गया था। पुलिस को झूठी सूचना देने से लेकर सूटकेस में अपने बेटे के शव को लेकर घंटों टैक्सी में बैठे रहने तक, इस जघन्य कृत्य के दौरान सूचना का संयम एक ऐसे व्यक्ति की भयावह तस्वीर पेश करता है, जिसे एक स्त्री और एक मां, दोनों रूप में समझना मुश्किल है। यह त्रासदी इस बात को रेखांकित करती है कि कैसे दो वयस्कों के तलाक की कड़वाहट ने एक चार वर्षीय मासूम की जान ले ली।

# सब्जी व्यापारी के साथ हुई लूट का 12 घंटे में पिलखुवा पुलिस ने खुलासा कर 2 लुटेरे को किया गिरफ्तार

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार/मोहित कुमार**





अभिषेक वर्मा,एसपी, हापुड़

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम थाना पिलखुवा प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार त्रिपाठी,उप निरीक्षक रंजीत, उप निरीक्षक सत्येंद्र,उप निरीक्षक बनी सिंह व उप निरीक्षक हरि ओम सिंह ने पुलिस टीम के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना के आधार पर धौलाना कट से 50 कदम धौलाना की ओर सड़क से क्षेत्रान्तर्गत सब्जी व्यापारी लोकेश सैनी निवासी चंदननगर कस्बा में थाना पिलखुवा के साथ घटित लूट की घटना का 12 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए लोकेश पुत्र अमर सिंह व अजय पुत्र रामवीर दोनों निवासी शाहपुर फगौता थाना पिलखुवा को गिरफ्तार किया और जिनका तीसरा साथी कोहरे का लाभ उठाकर भाग गया। जिसकी तलाश जारी है जिनके कब्जे से लूटे गये 18,500/- रुपये नकदी, एक मोबाइल, एक बैग, अवैध पिस्टल व रिवाल्वर एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की है वही थाना हापुड़ नगर में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि उपरोक्त गिरफ्तार दोनों अभियुक्तगणों ने पूछताछ में बताया कि रुपए कमाने के लालच में इन्होंने अपने साथी धर्मराज पुत्र रामवीर निवासी शाहपुर फगौता के साथ मिलकर सब्जी व्यापारी के साथ लूट की घटना करने के लिए उक्त अपाचे मोटरसाइकिल नोएडा सेक्टर 63 से 12 जनवरी को रात को चुरा कर लाए थे और हमने तीनों ने मिलकर 13 जनवरी को दोपहर के समय सुखसागर मंडप के पास सब्जी सब्जी व्यापारी को रोककर उसकी मोटरसाइकिल गिरकर सब्जी व्यापारी व उसके साथी को पिस्तौल व रिवाल्वर दिखाकर व डरा कर उनका मोबाइल व रूपों से भरा बैग लूट लिया था। जिस बैग में 26 हजार 6? सौ रूपये व बहीखाता की दो कॉपी थी। लूट करने के बाद हम हापुड़ की तरफ भाग गए थे आपसी बटवारा कर वापस आ रहे थे कि तभी मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने हमें पकड़ लिया और हमारा तीसरा साथी धर्मराज पुलिस को देखकर कोहरे का फायदा उठाते हुए मोटरसाइकिल से उतरकर भाग गया। लूट के बाकी 71 सौ रूपये धर्मराज के हिस्से में आए थे जो उसी के पास है। गिरफ्तार अभियुक्त गणों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जा रही है तथा फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अलग से टीम गठित कर गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। जिनमें से लोकेश पुत्र अमर सिंह निवासी शाहपुर फगौता के खिलाफ थाना पिलखुआ, थाना कोतवाली गाजियाबाद व गौतम बुद्ध नगर में अनेक धाराओं में मुकदमे दर्ज है गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जिनके आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# वीर नारियों एवं वीरता व विशिष्टपदक विजेताओं को डीएम ने किया सम्मानित

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**



**हापुड़।** जनपद की वीर नारियों एवं वीरता व विशिष्ट पदक विजेताओं के अभिनंदन समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में किया गया किया गया तो वही जिलाधिकारी ने कहा कि मेरे प्रशिक्षण अवधि में भारत दर्शन के अंतर्गत एक कार्यक्रम आर्मी अटैचमेंट का भी होता है इस कार्यक्रम मे आर्मी गतिविधियों तथा उनकी वास्तविक परस्थितियों से अवगत होने का अवसर मिलता है। जिससे हमे उनके बारें मे नजदीक से जनने तथा महसूस करने का मौका मिला। हमारे सैनिक विपरित परिस्थितियों मे भी अपने कर्तव्यों के पालन के लिया डटकर सीमा पर खड़े रहते हैं। हम सब लोगों को सैनिकों के इस बलिदान को कभी भी नही भूलना चाहिये। हम सभी को उनकी तथा उनके परिवार की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के तौर पर लिया जाना चाहिए। उन्होने कहा ही हमारे कार्यालय में सैनिक की समस्या को प्राथमिकता पर लिया जाता है। उन्होंने कहा की अन्य सभी सेवा मे लोग धनअर्जन के लिया जातें है लेकिन सैनिक सेवा में लोग देश सेवा के लिया निस्वार्थ भाव से जाते हैं। अतः हम सभी को उनके तथा उनके परिवार के प्रति आभारी होना चाहिये तथा उनके बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। जिलाधिकारी ने सभागार में उपस्थित वीर नारियों एवं विशिष्ट वीरता पदक विजेताओं के पास जाकर के प्रमाण पत्र तथा शाल डालकर स्वागत किया। कार्यक्रम मे नायक छत्रपाल सिंह तथा मनवीर सिंह ने अपने सेवा अवधि के ऑपरेशन के बारे में लोगो को अवगत कराया। इसके पश्चात सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, उप जिलाधिकारी, फौजी आदिल, जनपद की वीर नारियां एवं वीरता एवं विशिष्ट पदक विजेता तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नज़र

### मकर संक्रांति के अवसर पर समाजसेवा के माध्यम से रज़ाई व कंबल वितरित किए गए

**द अचीवर टाइम्स/प्रभात तिवारी**



**माल ।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ के विकासखंड माल में आज ग्राम देवरी गजा माँ शीतला देवी मंदिर पर आयोजित मेला उत्सव में सहदेव सिंह सेवा संस्थान के संरक्षक समाजसेवी दशरथ सिंह, बृजमोहन सिंह एवं भाजपा नेता उदय प्रताप सिंह ने जरूरतमंद व गरीबों को कंबल व रज़ाई वितरित किए, सहदेव सिंह सेवा संस्थान लगातार दस वर्षो से मकर संक्रांति के अवसर पर समाजसेवा के माध्यम से रज़ाई व कंबल वितरित करता आ रहा, इस अवसर पर बी एम सिंह, उदय प्रताप सिंह (वरिष्ठ भाजपा नेता), डॉ कुलदीप सिंह, प्रधान राहुल शुक्ला, रवि द्विवेदी (भाजपा आईटी सेल), सत्यपाल सिंह, अरुण प्रताप सिंह, मनोज गुप्ता, अंकुर त्रिवेदी, नितीश शुक्ला, सुबोध सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे....

### लिफ्ट लेकर मोबाइल फोन छीनने वाले हिस्ट्रीशीटर सहित 2 लूटते झपटमार गिरफ्तार

3 लाख रुपये कीमत के 15 मोबाइल फोन नकदी सहित अवैध असलहा बरामद

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**



**हापुड़।** पुलिस ने मोबाइल लूट व छिनैती करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए थाना बाबूगढ़ पुलिस ने बनखंणा नहर पुलिया के पास से एक हिस्ट्रीशीटर सहित गिरोह के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से लूट व छिनैती से सम्बन्धित 15 मोबाइल फोन कीमत करीब 03 लाख रुपये) नकदी, अवैध असलहा व घटना में प्रयुक्त 2 मोटर साइकिल बरामद की गई है वही थाना हापुड़ नगर में पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि उपरोक्त गिरफ्तार दिनेश शर्मा पुत्र बाबूराम निवासी जसरूपनगर व अमित पुत्र गोरे निवासी रामगढ़ी थाना हापुड़ नगर अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं,जिनके द्वारा राहगीरों से फोन पर बात करते समय अथवा टोल प्लाजा, बस स्टैण्ड इत्यादि स्थानों से अपनी मोटर साइकिल पर लिफ्ट देकर उनके मोबाइल फोन छीनने की घटनाएं कारित की जाती थी तथा गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा लूट व चोरी के मोबाइल फोन को चलते-फिरते व्यक्तियों को बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाता था। गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरुद्ध एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जनपदों में चोरी, लूट व आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित करीब 02 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

### पत्रकार समाज कल्याण समिति की बैठक का किया गया आयोजन

पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं सूरजभान बघेल

**दअचीवर टाइम्स विनोद वर्मा**



**लखीमपुर खीरी, फरधान ।** पत्रकार समाज कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजभान बघेल के नेतृत्व में व प्रदेश प्रभारी राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में सत्येंद्र सिंह संवाददाता अमर उजाला के निज निवास पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया साथ ही संगठन के विस्तार के लिए सभी पत्रकार साथियों की सहमति पर लखीमपुर खीरी से सत्येंद्र सिंह संवाददाता अमर उजाला को जिला अध्यक्ष व मुस्ताक अंसारी को जिला विधिक सलाहकार नियुक्त किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि आए दिन पत्रकारों के साथ जो घटनाएं घटित की जा रही हैं वह अति निंदनीय है। पत्रकार समाज कल्याण समिति के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया अब किसी भी प्रकार से पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यदि पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसा किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। बैठक में सभी लोगों द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी गई। शेष पदाधिकारियों की नियुक्ति की जिम्मेदारी जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह को सौंपी गई। बैठक में सत्येंद्र सिंह संवाददाता अमर उजाला, राजकुमार सिंह उप संपादक ब्रह्म अनुभूति, मुस्ताक अंसारी संवाददाता दैनिक जागरण, रमेश चंद्र ब्यूरो चीफ द अचीवर टाइम्स, अनुराग पटेल साइबर एक्सप्रेस, सतनाम सिंह स्वतंत्र प्रभात, विनय सिंह द अचीवर टाइम्स, महताब अंसारी दैनिक ब्रह्म अनुभूति, विनोद वर्मा दैनिक अमर ख्याल, अमित बाजपेई द अचीवर टाइम्स, विनय प्रकाश सिंह, शिवपाल गौतम संवाददाता अमर उजाला, नवनीत मिश्रा संवाददाता दैनिक जागरण,अजीत अवस्थी, संदीप शर्मा प्राइम18 न्यूज़ ब्यूरो चीफ आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# आनंदा के प्रोडक्ट सेहत के लिए बहुत लाभदायक है जो यूमिनिटी बढ़ाने का काम करते है: डॉ0 राधेश्याम दीक्षित

## सैकडों पशुपालक किसान व डिस्ट्रब्यूटर ने आनंदा उत्सव में लिया भाग

❖ **आनंदा डेयरी लिमिटेड परिसर में आनंदा उत्सव पर्व आयोजित।**

द अचीवर टाइम्स संवाददाता



हापुड़। के पिलखुवा के खैरपुर खैराबाद में स्थित आनंदा डेयरी लिमिटेड आनंदा नगर परिसर में रविवार को आनंदा उत्सव का आयोजन किया गया। आनंदा उत्सव के पर्व पर आनंदा से जुडे पूरे उत्तर प्रदेश से आए सेकडो पशुपालक किसान और सैकड़ो डिस्ट्रब्यूटर ने आनंदा उत्सव में भाग लिया। तो वही मुख्य अतिथि जनरल डॉ विजय कुमार सिंह केंद्रीय राज्य मंत्री सड़क परिवहन, राजमार्ग एवम नागार विमामन मंत्रालय भारत सरकार की पुत्री मृणालिनी सिंह ने आनंदा से जुडे किसानों और डिस्ट्रीब्यूटरो और आनंदा के कर्मचारियों व अधिकारियों को सिल्वर ,गोल्ड, बाउंज प्रशस्ति पत्र और चेक का पुरस्कार वितरण किया गया। आनंदा उत्सव के अवसर पर आनंदा डेयरी के चेयरमैन डॉक्टर राधेश्याम दीक्षित ने आनंदा टीम के सभी परिवारों को डेरी परिसर में बुलाया और परिसर के अंदर यज्ञ का आयोजन किया गया। सभी आनंदा परिवार द्वारा यज्ञ किया और सांस्कृतिक, जादूगर, फोक डांस, राम कीर्तन, झाकी, कार्यक्रम में भाग लिया। आनंदा चेयरमैन डॉ राधेश्याम दीक्षित ने कि बताया यज्ञ करने से वातावरण का शुद्धीकरण होता है आज आनंद उत्सव पर सभी अतिथिगणों से निवेदन किया कि 22 जनवरी को सभी लोग अपने घर के मन्दिर की सफाई करे और 5 घी के दीपक जलाए और दीपावली मनाए। आनंदा टीम के परिवारों को प्लांट का भ्रमण कराया व प्रतियोगिता का आयोजन किया किया गया। प्रतियोगिता में आनंदा टीम के सभी ने बच्चों भाग लिया। जीतने वाले को आनंदा डायरेक्टर सुनीता दीक्षित द्वारा पुष्कृत किया गया। डायरेक्टर सुनीता दीक्षित ने आनंदा टीम के सभी सदस्यों ब बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही उक्त उत्सव पर आनंदा डेयरी ने 14 नए प्रोडक्ट लॉन्च किए ,आनंदा चेयरमैन डा. राधेश्याम दीक्षित ने बताया कि भगवान कृष्ण के जमाने से ही दूध, दही,जो यूमिनिटी बढ़ाने का काम करता है। आनंदा ने अपने सभी प्रोडक्ट को इम्यूनिटी के हिसाब से ही तैयार किया है। आनंदा के प्रोडक्ट सेहत के लिए बहुत लाभदायक है जो यूमिनिटी बढ़ाने का काम करते हैं। आनंदा उत्सव पर आनंदा डायरेक्टर सुनीता दीक्षित,सूरज दीक्षित राहुल दीक्षित, भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# वासुदेव गुप्ता की बेटी को भेंट किया श्री राममंदिर चित्र

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**खुटार शाहजहांपुर।** अयोध्या में कारसेवकों पर चलाई गई गोली में वासुदेव गुप्ता जी की मौत हो गई थी। स्व वसुदेव की बड़ी बेटी खुटार क्षेत्र के गांव इटौआ में रहतीं हैं बीते कल के अंक में प्रकाशित हुई खबर से जानकारी होने पर आरएसएस कार्यकर्ता रविवार दोपहर अनुसुइया के घर पहुंचे और उन्हें राम मंदिर निर्माण का निमंत्रण देते हुए भगवान श्री राममंदिर का स्मृति चित्र भेंट किया । बताते चलें कि 1990 में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में कारसेवा के दौरान वासुदेव गुप्ता जी के गोली मार दी गई थी। जिससे उनकी मौत हो गई थी उनकी बड़ी बेटी अनुसुइया ने अयोध्या का वह मंजर अपनी आखों से देखा था वह क्षेत्र के गांव इटौआ में अपने छोटे छोटे दो बच्चों और पति आरेंद्र गुप्ता के साथ रहती है। अनुसुइया के घर पहुंचे आरएसएस नगर कार्यवाह धरम मिश्रा ने उनके परिवार की सराहना की। इस दौरान नगर कार्यवाह एडवोकेट धरम मिश्रा के साथ खण्ड कार्यवाह वीरपाल,प्रचार प्रमुख कुलदीप सिंह, नगर पर्यावरण प्रमुख नीतेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# शिवानंद मिश्रा के नेतृत्व में साफ-सफाई



**द अचीवर टाइम्स, संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ जनपद में अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा, उत्तर प्रदेश दिवस एवं राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत भव्यता एवं स्वच्छता हेतु विशेष अभियान चलाए जा रहा है । इसी क्रम में मड़ियांव थाने पर प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा के नेतृत्व में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त दिशा निर्देश के क्रम में दिनांक 14 जनवरी से 26 जनवरी के मध्य स्वच्छता का विशेष अभियान,आगामी उत्तर प्रदेश दिवस एवं राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत ÷भव्यता एवं स्वच्छता हेतु÷ शनिवार को विशेष स्वच्छता अभियान के शुभारंभ अवसर पर लखनऊ के मड़ियांव थाने पर इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के नेतृत्व में साफ सफाई अभियान चलाया गया।आवासीय बैरकों/मेस शौचालय इत्यादि की साफ-सफाई की गयी तथा वहाँ लगे कूलर, पंखों, कम्प्यूटर इत्यादि की साफ सफाई कर परिसर के आस-पास कचरों को हटाकर उनका निपटान कराया गया।

# अयोध्या उत्सव के उल्लास में निकली प्रभात फेरी में गूंजा एक ही नारा,एक ही नाम,जय श्रीराम-जय श्रीराम

**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**



**मध्य प्रदेश, कटनी।** कटनी आह्लादित हृदय और प्रफुल्लित अंतर्मन से करुणानिधान, सर्वशक्तिमान भगवान श्रीराम के जन्मभूमि में बन रहे अद्भुत और भव्य मंदिर में प्रभु श्रीराम के विराजित होने के उल्लास में समूची कटनी राममय है। यहां के गांवों और शहरों में रविवार की सुबह लोगों ने प्रभात फेरियां निकालीं, जिसमें उमड़े जनसैलाब ने गगनभेदी नारे लगाए। एक ही नारा,एक ही नाम , जय श्रीराम-जय श्रीराम । इस नारे की गूंज सुनते ही समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया और नर -नारी भक्ति रस से सराबोर हो अभिभूत हो गये।यत्र -तत्र, सर्वत्र मन में राम, तन में राम, रोम -रोम में राम की उक्ति चरितार्थ होती दिखी। धर्मगुरुओं , पंडितो ,महंतों और मंदिरों के पुजारियों के मार्गदर्शन और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से कटनी में श्रीरामोत्सव के पुण्य अनुष्ठान की खुशियां मनाई जा रही हैं। जिले की जनता धर्मानुरागी है,रामभक्त है। पौराणिक आख्यानों और मान्यताओं के अनुसार वनवास के समय दक्षिण भारत की ओर जाते समय श्रीराम कटनी जिले के क्षेत्र से होते हुए गये थे। लोगों में आज भी जिले के इन स्थानों के प्रति गहरी आस्था और श्रद्धा है। यहां का हर गांव , हर शहर और हर घर श्रीराम की प्रतिमा के प्राण - प्रतिष्ठा समारोह के जश्न में शरीक होकर धन्य होना चाहता है। इस उत्सवी समारोह का हिस्सा बन कर श्रीराम की भक्ति में लीन होने उद्यत है। जिले के हर घर,हर मंदिर, हर जलाशय , हर आंगनबाड़ी केंद्र में दीपोत्सव होगा। मंदिरों की साफ-सफाई होगी। मंदिरों में रामायण पाठ, रामलीला का मंचन और मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन चरित्र पर प्रसंगों की प्रस्तुतियां होंगी। प्रमुख मंदिरों में एल ई डी टीवी स्क्रीन पर श्रीराम जी के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दिखाया जाएगा। यहां से होकर पवित्र अयोध्या नगरी जाने वाले श्रीराम भक्त तीर्थ यात्रियों का सम्मान किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में श्रीराम की अयोध्या अपनी विरासत को संजोते हुए विकास की नई राह पर है।अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव और भव्यता को पुनर्स्थापित करने का संकल्प साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर अयोध्या उत्सव की खुशी में कटनी में दीपावली के पहले ही, ठीक उसी तरह की दीपावली मनाने की तैयारी को आतुर है, जैसे - त्रेतायुग में 14 वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम की वापसी के बाद दीपावली मनाई गई थी।

## विशेष वृहद स्वच्छता अभियान शुरू, चमके मंदिर व सार्वजनिक स्थल

# मंदिरों में भजन, कीर्तन, भंडारे के साथ जनप्रतिनिधियों व आम लोगों में दिखा उत्साह

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**



**हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के निर्देश व मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार के निर्देशन में जिले में विशेष, वृहद स्वच्छता अभियान रविवार से शुरू हो गया। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, समाज के सभी वर्गों के लोगों और विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी शिरकत की। इस अभियान से मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर अच्छी सफाई हुई। मंदिरों में भजन, कीर्तन के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। यह अभियान 22 जनवरी तक चलेगा। हापुड़ विधान सभा क्षेत्र से विधायक विजय पाल आढ़ती सिमरौली गांव के मंदिर पहुंचे। वहां पर उन्होंने साफ सफाई की। पूजा अर्चना की। भजन कीर्तन में भाग लिया। लोगों से संवाद में भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और अन्य लोगों को उसके लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया। हापुड़ विकास खंड की ब्लॉक प्रमुख श्रीमती ममता तेवतिया बछलौता और नूरपुर के मंदिर में जाकर सफाई की। पूजा अर्चना की। कीर्तन में भाग लिया और भंडारे का प्रसाद अपने हाथ से लोगों को वितरित किया। खंड विकास अधिकारी सिंभावली डाक्टर हरित कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत शिवम पांडे, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक गोपाल राय ने सिंभावली के हनुमान मंदिर और आसपास में आम लोगों के साथ सफाई की। पूजा अर्चना और भंडारे का आयोजन किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में बड़े पैमाने पर सफाई और भजन कीर्तन, भंडारे का आयोजन किया गया। सार्वजनिक स्थानों पर भी विशेष सफाई कराई गई। खेड़ा से धौलाना जाने वाले मार्ग पर विशेष टीम लगाकर सफाई कराई गई। सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय कुमार और खंड प्रेरक धर्मेंद्र यहां पर टीम से अपनी मौजूदगी में सफाई कराई। सहायक विकास अधिकारी पंचायत बिशन सक्सेना 11 मंदिरों की सफाई का जायजा लिया। सफाई अच्छी पाई गई। गढ़ मुक्तेश्वर विकास खंड के मंदिरों में भी सफाई, भजन कीर्तन, भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायतों में भी प्रमुख स्थनों पर सफाई की गई।अभियान के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्मोकोल का प्रयोग न करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

# स्लीमनाबाद एसडीओपी ने थाना क्षेत्र का भ्रमण कर, किया निरीक्षण

**द अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय**



**मध्य प्रदेश,कटनी।** स्लीमनाबाद एसडीओपी अखिलेश गौर बहोरीबंद थाना पहुंचकर थाने का औचक निरीक्षण किया साथ ही शास्त्र सभागार पर रख शास्त्रों का जायजा लिया, उसके बाद कई वर्षों पुरानी परंपरा संक्रांति के शुभ अवसर पर रूपनाथ धाम में साप्ताहिक मेले के आयोजन का भी निरीक्षण किया और साथ ही बहोरीबंद पुलिस स्टाफ को दिशा निर्देश देते हुए सात दिवसीय मेले पर आम जनता को किसी प्रकार की कोई सामाजिक तत्वों द्वारा परेशानी ना उठाना पड़े इस उद्देश्य को लेकर पुलिस बल को ड्यूटी पर तैनात रहने के निर्देश दिए साथ ही स्थानीय सरपंच एवं नागरिक से एसडीओपी अखिलेश गौर ने चर्चा की और साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की, एवं व्यापारियों और दुकानदारों से किसी भी प्रकार की कोई समस्या आने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की बात कही स्लीमनाबाद एसडीओपी अखिलेश गौर ने बताया कि रूपनाथ धाम में हर वर्ष की तरह ईश्वर से भी मेले का आयोजन होने जा रहा है जिस पर बहुत ही अत्यधिक भीड़ होती है लोग रूपनाथ धाम पहुंचकर भोलेनाथ के दर्शन करते हैं और मेले का लुफ्त उठाते हैं यह मेला संक्रांति त्योहार को लेकर 14 जनवरी से साप्ताहिक का रहता है मेले में पहुंचे भक्त श्रद्धालु और दुकानदार व्यापारीयों को कोई असुविधा न हो जिसके लिए कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन पर मेले में पुलिस चौकी प्रचलित कर सात दिवसीय पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# मोबाइल की चोरी करते पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**द अचीवर टाइम्स विनोद वर्मा**



**लखीमपुर खीरी फरधान।** कस्बे की बाजार में मोबाइल चोरी करने आए चोर के साथी को बाजार करने आए लोगों ने पकड़ा। जबकि मोबाइल चोरी कर एक चोर मौके से हुआ फरार। पकड़े गए चोर को बाजार के लोगों ने पिटाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। जहां उसनें अपने एक साथी के साथ मोबाइल चोरी करना कबूला। फरधान कस्बे की बाजार में सब्जी लेने आए थाना क्षेत्र के गांव परसेहरा बुजुर्ग निवासी सत्येंद्र मिश्र सब्जी ले रहे थे। उसी समय दो युवक उनके पास आए और सब्जी लेने लगे। एक युवक ने सत्येंद्र की आगे की जेब से मोबाइल निकाल लिया जिसकी भनक भी नही लगी। मोबाइल निकालने वाला युवक फरार हो गया। पूरी घटना आसपास के दुकानदारों ने देख ली। सब्जी बेचने वाले ने मोबाइल निकालने की बात सत्येंद्र को बताई। बाजार में हड़कंप सा मच गया। राहगीरों ने दौड़ाकर एक युवक को बाजार के पास की सड़क पर ही दबोच लिया। जबकि जेब से मोबाइल निकालने वाला युवक मौके से फरार हो गया। बाजार के लोगों ने पहले आरोपित की धुनाई कर दी उसके बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया बाजार से एक युवक को हिरासत में लिया गया है। जबकि मोबाइल निकालने वाला युवक मौके से फरार हो गया। दूसरे युवक का पता लिया गया है। दूसरे युवक को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। पूछताछ के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी।

### मोबाइल चोरी का अड्डा बनी फरधान बाजार

बाजार से मोबाइल चोरी होने की घटना पहली नहीं है। देखा जाय तो बाजार से पंद्रह दिन में एक घटना होती रहती है। इससे पहले बाजार से धौरहरा खुर्द गांव के निवासी सुब्रत दीक्षित, राम मिलन मिश्र, कौशल कुमार तिवारी, दीना नाथ के भी बाजार से ऐसे ही मोबाइल चोरी हो गए हैं। पुलिस इनका आज तक पता नहीं लगा सकी। आज एक चोर को बाजार से लोगों ने पकड़ कर पुलिस सौंप दिया है। अब देखना होगा पुलिस मोबाइल चोरी कितनी घटनाओं का खुलासा कर सकती है।

## नगर निगम के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग, पुतला फूंक कर जताया विरोध

**द अचीवर टाइम्स। संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सड़क पर जलजमाव के विरोध में लोगों ने नगर निगम का पुतला फूंक कर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। आपको बता दें कि मामला लखनऊ के फैजुल्लाजगंज वार्ड चतुर्थ न्याय विहार कालोनी है। इस मोहल्ले में वर्षो से सड़क पर जलजमाव की समस्या है, लेकिन इस ओर नगर निगम प्रशासन का ध्यान नहीं है। इसी के विरोध में लोग सड़क पर उतर गए और जमकर प्रदर्शन किया और नगर निगम के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। जलजमाव से लोग परेशान स्थानीय लोगों ने बताया कि इस इलाके में कई सालों से पानी जमा है, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है।इसी के विरोध में वे लोग नगर निगम का पुतला फूंक कर प्रदर्शन किया साथ ही जमकर मुर्दाबाद के नारे लगाए।यहां के लोग रोज यह समस्या झेल रहे हैं।

# भाजपा द्वारा अनुसूचित वर्ग समरसता सम्मान समारोह आयोजित

**द अचीवर टाइम्स। संवाददाता**





**हापुड़।** रविवार को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पावन पर्व पर समरसता समारोह का आयोजन आर्य समाज मंदिर हापुड़ में किया गया जिसमें मा0 राज्यसभा सांसद कांता कर्दम ने बताया कि सामाजिक समरसता के महान पर्व पर अनुसूचित वर्ग का सम्मान समारोह प्रबुद्ध नागरिक का हापुड़ में समरसता का सही रूप दिया है मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा पश्चिमी क्षेत्र सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार व प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार स्थापित हुई है सामाजिक समरसता का माहौल बड़ा है व समाज के हर वर्ग के लिए कार्य किया जा रहा है डॉ विकास अग्रवाल के संयोजन में यह सामाजिक समरसता समारोह एक मील का पत्थर है। ऐसे कार्यक्रम आगे भी होते रहने चाहिए यह कार्यक्रम समाज को एक नई दिशा प्रदान करेंगे मेरा आयोजकों को शुभकामनाएं हैं। अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा नरेश तोमर और विधायक विजयपाल कार्यक्रम के अध्यक्षता पवन आर्या द्वारा करी गई कार्यक्रम का संयोजक डॉ विकास अग्रवाल क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा के करकमलों द्वारा सम्मान समारोह में आमंत्रित अनुसूचित समाज के प्रबुद्ध वर्ग डॉक्टर ,शिक्षक, अधिवक्ता, सेवानिवृत्ति अधिकारी, सफाई कर्मचारी नायकों, ग्राम प्रधान करीब 250 सम्मान कर गौरवान्वित किया गया। सेवानिवृत्त में सूरजभान, ताराचंद, दीपक सिंह,कल्याण सिंह,वीरेंद्र सिंह, डाल चन्द,तिलक राम, डॉ जीत सिंह, डॉ सतीराम सिंह आदि डॉक्टर में डॉ अश्विनी वेद, डॉ राजेन्द्र, डॉ विपिल आदि शिक्षको में वेदपाल सिंह,जीत सिंह,शील भास्कर, राजेश्वर, मदनलाल, डॉ कपिल बिस्ला,रवि भूषण, प्रवेश रानी,मोहर सिंह, मुकेश कुमार बाल्मिकी, दीक्षा रानी, चन्द्र किरण, अशोक कश्यप, रेणुका रानी, काजल,प्रो0 ओमपाल सिंह,मन्जु, विजय कुमार,चरण सिंह, बब्लू सिंह, हरीश, देवेन्द्र कुमार, डॉ मिथलेश आदि अधिवक्ताओं में रामनिवास सिंह, रविन्द्र निमेष,जीत सिंह, जगदीश जौहरी, अरविंद कुमार, राजेन्द्र कुमार,नरेश कर्दम, धर्मेन्द्र कुमार, विनोद कुमार, संजय कुमार,सोनू कुमार, मनोज हरित, अनिल कुमार, सुनील कुमार,बोध कुमार,सोनू, महेंद्र, मनोज,गुलाब सिंह,ऊषा,रमा,पुजा, कुमकुम,किरन, बबीता,निशा,चित्रा, प्रेमलता, सोनिया,लोकेश आदि सफाई नायक में मोहित, विक्रम,सन्दीप, निक्की, रोबिन, कुलदीप, राजेन्द्र, सुन्दर, भगत सिंह, कृष्णा,मोनू, सावन, राजकुमार, भगवान दास, प्रदीप,सूरज, आदि समाजिक कार्यकर्ता डॉ महेश, चन्द्रपाल,धर्म सिंह,हरि सिंह, रणबीर दरोगा, सुमन पाल,विनेश, रोहतश, प्रदीप आदि ग्राम प्रधान में शिवलाल छपकोली,जय भगवान लुखलाड़ा, बिशन पाल शाहबुद्दीन नगर, वीरेंद्र पुठा हुसैनपुर, रविंद्र नयागांव, सतपाल सिंह इमटोली, हरेंद्र सिंह मोरपुर ,रतनलाल दादरी, सोहन पाल निजामपुर, महेश चंद्र सिंमरौली, सुभाष चंद्र उबलपुर ,करण सिंह हाफिजपुर, अमरदीप पटना मुरादपुर, मुकेश टियाला, आदि को सम्मानित किया गया।

# एक नज़र

### बहराइच IMA की टीम ने 800 गरीबों को बांटा कम्बल

**तौहीद अहमद दै0ज0प्रा0भा0**



**बहराइच।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर आज जनपद बहराइच में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से गरीब तबके के लोगों को गर्म कपड़े एवं कंबल वितरण किए/तराई में पड़ रही कड़ाके की ठण्ड से लोगों को बचाने के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की प्रेसिडेंट रीना केडिया के नेतृत्व में तमाम डॉक्टरों की टीम ने बहराइच के ग्राम कीर्तनपुर के गांव बरगरपुरवा में पहुँच कर गरीब तबके के लोगों को गर्म कपड़े एवं कम्बल वितरण किया/इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से गर्म कपड़े एवं साल और कंबल प्रकार ग्रामीण पुरुष एवं महिलाओं ने डॉक्टरों की टीम को विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया/प्रेसिडेंट रीना केडिया एवं डॉक्टरों की टीम ने तकरीबन 800 लोगों को गर्म कपड़े एवं कंबल वितरित किया इस दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की पूरी टीम मौजूद रही।

### पुलिस अधीक्षक बहराइच श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन बहराइच में चला स्वच्छता अभियान

**सलमान अहमद साहिल दै0ज0प्रा0भा0**

**बहराइच।**रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक बहराइच श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें महोदय द्वारा अभियान के तहत परिसर को स्वच्छ रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा उपस्थित सभी अधिकारी व कर्मचारी गण द्वारा समस्त परिसर में किया गया श्रमदान। इस अभियान के तहत जनपद के समस्त थाने व समस्त कार्यालयों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए गहन स्वच्छता कार्य संपादित कराया गया तथा आम जन मानस को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया।महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन की बेहतर साफ सफाई एवं परिसर में घूम रहे छुट्टा जानवरों को परिसर से बाहर रखने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। रिजर्व पुलिस लाइन बहराइच के शौचालय की बेहतर साफ सफाई एवं पानी की उपलब्धता करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा परिसर की बैरकों में बेहतर साफ सफाई हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा जनपद के समस्त थानों एवं कार्यलयों में बेहतर साफ सफाई रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिसके अनुपालन में जनपद के समस्त कर्मियों द्वारा श्रमदान किया गया।

### संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की रैली

**द अचीवर टाइम्स। संवाददाता**



**लखनऊ।** अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के हर्षोल्लास को लेकर संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारियों ने 14.1.2024 को लखनऊ पूरनिया क्षेत्र में कलश यात्रा अक्षत वितरण तहरी भोज का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जिसका नेतृत्व संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुड़िया निगम प्रदेश सचिव गौतम सिंह चौहान ने किया इस मौके पर संगठन के मुखिया अंजनी कुमार पांडे प्रदेश अध्यक्ष अरविंद नाथ मिश्रा अजय त्रिपाठी मुन्ना योगेश त्रिपाठी प्रदेश मीडिया प्रभारी आर के मिश्रा अमित त्रिवेदी अमित त्रिवेदी प्रशांत अवस्थी अर्जुन यादव राहुल पांडे सौरभ यादव सरोज शर्मा रेनू निगम सुमन शुक्ला सुमित्रा गौतम नीतू सिंह राघवेंद्र प्रताप सिंह प्रवक्ता बब्बू पांडे इकाई अध्यक्ष प्रवेश शुक्ला संरक्षक वतसन कोषाध्यक्ष मृत्युंजा कुरैशी लक्ष्मी प्रकाश इत्यादि। सर्वसमाज के व्यापारी एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे ने कहा हम सभी को आपस में भाईचारा के साथ संगठित होकर के रहना चाहिए।

### सरयू की रेत हाथ में लेकर राममंदिर निर्माण की खाई थी कसम

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता।**



**लखनऊ।** क्षेत्र के चर्चित संत व कट्टर हिंदूवादी नेता श्रद्धानंद तिवारी ने अपनी पूरी जिंदगी श्रीराम के कामकाज व सेवा में गुजार दी। राम मंदिर की लड़ाई में परिवार की चिंता छोड़ साधु-संतों के साथ लग गए। कारसेवकों के साथ पुलिस की लाठियां खाईं, जेल में भी बंद रहे। इसके बाद भी मंदिर निर्माण की लड़ाई में हमेशा आगे रहे। अब अयोध्या में राम मंदिर निर्माण ने उनकी आंखों में एक अलग ही लौ जगा दी है। वह अपनी टोली के साथ 24 को रामलला के दर्शन को जाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर 1992 की सुबह उन्होंने और अन्य संतों ने अयोध्या में कारसेवकों के साथ सरयू नदी के बालू को हाथों में लेकर मंदिर निर्माण की शपथ ली थी। इसके बाद नदी के किनारे चबूतरे पर बैठ कर पूजा करने लगे। इसी बीच करीब 11 बजे कारसेवकों ने विवादित ढांचा ध्वस्त कर दिया। इसके बाद श्रद्धानंद छह-सात साथियों के साथ ईंट लेकर वापस चल दिए। जिस समय गुंबज पर झंडारोहण हुआ उस समय श्रद्धानंद बस्ती जेल में थे। वे 28 दिन जेल में रहे इस दौरान तमाम यातनाएं झेली, लेकिन अब श्रीराम मंदिर बनने पर चेहरे पर खुशी है। उनके त्याग को पूरा क्षेत्र आभार प्रकट करता है। नोनापार निवासी विधिक सलाहकार मानवाधिकार उत्तर प्रदेश राज तिवारी ने महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी से उत्तर प्रदेश गौरव का पुरस्कार दिलाने के लिए विशेष सचिव से निवेदन किया है जिससे पुरे क्षेत्र में खुशी कि लहर है।

# अंतर्ध्वनि महिला विंग ने मकर सक्रांति के पर्व पर बच्चों को बांटे गिफ्ट



**संवाददाता दै0ज0प्रा0भा0**

**हरदोई।** रविवार को अंतर्ध्वनि महिला विंग ने मकर सक्रांति पर्व पर बावन चुंगी स्थित टिलिया में आर्थिक तौर पर कमज़ोर छोटे छोटे बच्चों को गिफ़्ट हैम्पर्स प्रदान किए। विंग बीते 7 सालों से मिशन किलकारियां कार्यक्रम के तहत हर महीने बच्चों के चेहरों पर खुशी लाने के लिए विभिन्न मौकों पर कार्यक्रम आयोजित करती है। मकर सक्रांति के मौके पर गरीब बच्चों को महिला विंग ने मूँगफली, रेवड़ी, पॉपकॉर्न के साथ साथ पतंगें व रील भी प्रदान कीं। विंग ने लगभग 100 बच्चों के चेहरों पर मुस्कुराहट लाने का कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान मंडल संयोजक इला द्विवेदी, अध्यक्ष कालिन्द्री वैश्य, उपाध्यक्ष निधि चौरसिया, स्नेह मिश्रा, खुशबू टंडन, व गौरी गौर उपस्थित रहीं।

# सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन

## रोमांचक मुकाबले में प्रशासन एकादश ने आखिरी गेंद पर की जीत दर्ज

**द, अचीवर टाइम्स। पप्पू उपाध्याय**



**मध्य प्रदेश,कटनी।** रविवार को पुलिस लाइन कटनी के खेल मैदान में पुलिस बनाम प्रशासन एकादश के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया । मैच सुबह 10 बजे से आयोजित हुआ। पुलिस की टीम की ओर से सूबेदार रविंद्र सिंह कप्तानी की कमान संभाली। जबकि प्रशासन की टीम की ओर से जिला पंचायत सीईओ शीशीर गोमावत ने कप्तानी की । इस मैच में कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, एवं कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद के साथ आला अधिकारियों एवं पत्रकारों ने भी भाग लिया । मैच का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने किया। उन्होंने ने मैच में टॉस उछाला और दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया। प्रशासन की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। पुलिस टीम की शुरुआत बेहतर रही। टीम ने 15 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। एसआई उदयभान मिश्रा ने 31 गेंदों में 64 रन बनाए। प्रशासन के गेंदबाज सचीन सैनी को दो, तरीक, मुकेश और पुर्णाश राय को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रशासन की शुरुआत अच्छी रही। प्रशासन के बल्लेबाजों ने 12 ओवर में पांच विकेट खोकर 102 रन बना दिए। इसके बाद पुलिस की टीम ने मैच में पकड़ बना ली। प्रशासन को अंत में जीत के लिए 2 ओवर में 50 रन की आवश्यकता थी, प्रशासन की ओर पुर्णाश राय ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए अंतिम ओवर में जीत के लिए 30 रन बनाए , जिस कारण प्रशासन की टीम जीत गई। पुर्णाश राय ने 46 गेंदों में 6 चौके, 9 छक्के लगाकर 103 रन बनाए। विजेता टीम को पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने ट्रॉफी दी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, सीएसपी कटनी ख्याति मिश्रा, जिला खेल अधिकारी विजय भार, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत, स्टेनो वन रामशरण महोबिया आदि मौजूद रहे।

# नगर के मुख्य मार्गो पर निकाली गई अक्षत वितरण यात्रा

❖ जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा खुटार नगर

**द अचीवर टाइम्स। संवाददाता**



**खुटार शाहजहांपुर।** रविवार को राम भक्तों द्वारा नगर खुटार के मुख्य मार्गो पर अक्षत वितरण यात्रा निकाली गई। जिसमें रामभक्तों ने लोगो को अक्षत व पत्रक वितरण किए यह यात्रा नगर खुटार के विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होते हुए तिकुनिया मैलानी रोड़ पर प्राचीन श्री बालाजी महाराज के मंदिर पर समाप्त हुई। बताते चलें कि श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर पर प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रही है।जिसको लेकर श्री राम भक्तों द्वारा घर जाकर अक्षत वितरण किए जा रहे हैं।इसी के उपलक्ष्य में रविवार को नगर खुटार के श्री रामभक्तो ने नगर के मुख्य मार्गो पर अक्षत वितरण यात्रा निकाली गई ।जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्री राम भक्तों ने जय श्री राम के जयघोष के साथ अक्षत और पत्रक वितरण किए साथ ही लोगो से 22 तारीख को अपने अपने घर को दीपावली की तरह सजाकर पूजा पाठ कर दीप जलाने की अपील की यह यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर नगर खुटार के मुख्य मार्गो पर होते हुए तिकुनिया के मैलानी रोड़ स्थित श्री बालाजी धाम पर समाप्त हुई। इस दौरान जिला प्रचारक जया किशोर जी,सह जिला कार्यवाह विनोद जी,सह जिला सेवा प्रमुख सत्यनारायण जी खंड कार्यवाह वीरपाल नगर कार्यवाहा धर्म मिश्रा,निव वर्तमान अध्यक्ष अनुपम शुक्ला,कुलदीप सिंह खंड प्रचारक कुलदीप सिंह,जिला समरसता प्रमुख शाश्वेंद्र मिश्रा नीरज मिश्रा आशीष मिश्रा आशीष शुक्ला,नीतिश गुप्ता, प्रभाकर मिश्रा, रोहित शुक्ला साकेत तिवारी, अक्षांश मिश्रा, राहुल शुक्ला कन्हैया वर्मा विकास मिश्रा, अखिलेश मिश्रा शशिकांत बाजपेई गौरव शर्मा मुदित अवस्थी अनुभव मिश्रा राजेश मिश्रा , राजेश दीक्षित,महंत नंद जी महाराज नगर पंचायत अध्यक्ष पति बाबूराम, नितिन मिश्रा,सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति के अवसर पर जिला अधिकारी मोनिका रानी ने चलाया सफाई अभियान

**ब्यूरो सलमान साहिल व तौहीद अहमद की रिपोर्ट दै0ज0प्रा0भा0**

**बहराइच।** डीएम ने झाड़ू लगाकर कलेक्ट्रेट परिसर में की सफाई जिला अधिकारी के साथ अन्य अधिकारियों ने भी झाड़ू पकड़ परिसर में की सफाई। कलेक्टर परिसर से शुरू हुआ सफाई अभियान कई वार्डों में भी दिखा इसका असर अभी हाल ही में नगर पालिका ईओ को दिल्ली में सम्मानित किया गया। जब से नगर पालिका अध्यक्ष सुधा जी वह ईओ प्रतिभा सिंह बनी है तब से शहर में दिख रहा बदलाव। ईओ द्वारा फोन पर भी शिकायत मिलने पर किया जाता है समस्या का समाधान।

# जरूरतमंद व गरीबों को कंबल व रज़ाई वितरित



**दुर्गेश त्रिपाठी दै0ज0प्रा0भा0**

**लखनऊ।** माल क्षेत्र के ग्राम देवरी गजा में माँ शीतला देवी मंदिर पर आयोजित मेला उत्सव में सहदेव सिंह सेवा संस्थान के संरक्षक समाजसेवी दशरथ सिंह, बृजमोहन सिंह एवं भाजपा नेता उदय प्रताप सिंह ने जरूरतमंद व गरीबों को कंबल व रज़ाई वितरित किए गए।। सहदेव सिंह सेवा संस्थान लगातार दस वर्षो से मकर संक्रांति के अवसर पर समाजसेवा के माध्यम से रज़ाई व कंबल वितरित करता आ रहा, इस अवसर पर बी एम सिंह, उदय प्रताप सिंह (वरिष्ठ भाजपा नेता), डॉ कुलदीप सिंह, प्रधान राहुल शुक्ला, रवि द्विवेदी (भाजपा आईटी सेल), सत्यपाल सिंह, अरुण प्रताप सिंह, मनोज गुप्ता, अंकुर त्रिवेदी, नितीश शुक्ला, सुबोध सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे....

### बहराइच खनन माफियायों के भेट चढ़ रहा है पर्यावरण

# सालारपुर अनारकली इलाकों में जारी है अवैध खनन



**मोहम्मद हसीब व शिबू अली दै0ज0प्रा0भा0**

**बहराइच।** भू व खन्ना माफीयों के मनमानी से परेशान है आवाम नहीं थम रहा है जनपद में अवैध खनन का कारोबार रातों दिन अवैध ट्रालियों के जरिए ढोई जा रही अवैध मिट्टी। नगर बहराइच सटे सलारपुर गांव में अनारकली क्षेत्र से लगातार जारी है मिट्टी की खोदाई कर खनन का काम। अवैध खनन करने वालों के हौसले इस कदर बुलंद हैं की दिनों रात सालारपुर वह दरगाह शरीफ इलाकें से फर्राहटा भरते हुए गुजारते है टैक्टर ट्रालियां जिससे होते है हादसे और यही हुआ जब ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आ गए सालारपुर गांव के दो बच्चे जिन्हे तुरंत पहुंचाया गया जिला अस्पताल। सूचना पाकर थाना दरगाह शरीफ पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर मुकदमा पंजीकृत किया। परिवार वह ग्राम वासियों में फूटा गुस्सा कहां की दिन रात इसी मार्ग से गुजरती है ट्राली जिससे होते है आए दिन हादसे इलाकाई लोगों ने यह भी बताया की अनारकली झील के आसपास के इलाके में लगातार खनन कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे है खनन माफिया।

# अयोध्या में सपा नेता पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने किया खिचड़ी भोज



**संवाददाता**

**अयोध्या।** सपा महानगर कार्यालय पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कार्यकर्ता सम्मेलन एवं खिचड़ी भोज का आयोजन किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया । इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महासचिव हामिद जाफर मीसम ने नवनियुक्त पिछड़ा वर्ग प्रदेश सचिव बृजेश सिंह चौहान व महानगर अध्यक्ष भगवान दीन निषाद को माला पहनाकर स्वागत किया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी केवल ठगने का काम कर रही और समाज में दुष्प्रचार का काम कर रही है । उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव ने रोजगार देने का काम किया उन्होंने आवाहन किया आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराकर इंडिया गठबंधन को सभी 80 सीटों पर चुनाव जिताना ही एक लक्ष्य है पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए 2024 का चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है दादा जयशंकर पांडे ने कहा आज भारतीय जनता पार्टी भगवान राम का इस्तेमाल कर चुनाव जीतना चाहती है जिसको हमें बेनकाब करने की जरूरत है जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा हर बूथ पर महिलाओं की भागीदारी बहुत जरूरी है क्योंकि चुनाव जीतने के लिए बूथ को मजबूत होना आवश्यक है । महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने के लिए कहा उन्होंने कहा कि सभी बूथ प्रभारी अपनी बूथ कमेटी को जल्द से जल्द गठन करके लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाए आज भारतीय जनता पार्टी झूठ का सहारा लेकरचुनाव जीतना चाहती है हमें इनके झूठ जनता के सामने बेनकाब करना है और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के किए गए कार्यो को जनता को बताना है महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद प्रदेश महासचिव दादा जयशंकर पांडे पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्री चंद यादव, पूर्व प्रमुख राम अचल यादव, बाबू छेदी सिंह,बलराम मौर्य , प्रदेश सचिव

# हिमाचल में मौसम ने बदली करवट, रोहतांग सहित ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी, तापमान गिरा

एजेंसी



**रोहतांग/शिमला।** तीन माह से सूखे जैसे हालत के बीच शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कई भागों में मौसम ने करवट बदली। रोहतांग दर्रा के साथ कुल्लू और लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी दर्ज की गई है। मौसम से आए बदलाव से घाटी में ठंड का प्रकोप भी बढ़ गया है और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। पर्यटन कारोबारियों के साथ किसान-बागवानों को बर्फबारी व बारिश का बेसब्री से इंतजार है। शनिवार सुबह से रोहतांग दर्रा सहित कुंजम दर्रा, बारालाचा पास, शिंकुला दर्रा, घेपन पीक, चंद्राभागा रेंज की पहाड़ियों पर हल्की बर्फबारी का दौर शुरू हुआ। जबकि कुल्लू व लाहौल घाटी में बादल छाए हुए हैं। वहीं, राजधानी शिमला में हल्की धूप खिलने के साथ बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से शनिवार सुबह जारी बुलेटिन के अनुसार प्रदेश के मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ भागों में 16 व 17 जनवरी को बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में यह बदलाव आने की संभावना है। उधर, मैदानी जिलों में 14 जनवरी तक घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी हुआ है। शनिवार सुबह भी कई क्षेत्रों में कोहरे के चलते वाहन चालकों को परेशानी हुई। मौसम विभा के अनुसार अगले दो दिनों के दौरान सुबह के समय मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, कांगड़ा (नूरपुर), सिरमौर (पांवटा साहिब-धौलाकुआं) और सोलन (बद्दी-नालागढ़) के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। वाहन चालकों को सुबह के समय सावधानी से यात्रा करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान औसत न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। शुक्रवार रात को शिमला में न्यूनतम तापमान 9.0, सुंदरनगर 3.6, भुंतर 5.1, कल्पा 3.8, धर्मशाला 9.2, ऊना 4.0, नाहन 6.4, केलांग 0.2, पालमपुर 5.0, सोलन 4.0, मनाली 6.1, कांगड़ा 6.6, मंडी 3.8, चंबा 5.9, डलहौजी 6.4, जुब्बड़हट्टी 8.8, कुफरी 9.2, कुकुमसेरी 0.9, नारकंडा 7.3, भरमौर 9.3, रिकांगपिओ 7.1, सेऊबाग 5.5, धौलाकुआं 6.4, बरठीं 2.6, समदो 0.3, पांवटा साहिब 8.0, सराहन 5.5 और देहरा गोपीपुर में 8.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, आज कई क्षेत्रों में बर्फबारी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

# राम मंदिर के चंदे के मुद्दे पर दिग्विजय फिर आक्रामक

## VHP से पूछा- कहां गए 1400 करोड़ रुपये?

एजेंसी



**भोपाल।** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का कांग्रेस की तरफ से आमंत्रण अस्वीकार करने के बाद सियासत तेज हो गई है। अब पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने सवाल उठाए हैं।

अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होना है। इसकी देशभर में तैयारी चल रही है। अब इसको लेकर सियासी पारा भी चढ़ते जा रहा है। कांग्रेस ने राममंदिर आमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। इस बीच दिग्विजय सिंह ने कई सवाल खड़े किए है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया पर सवाल खड़े करते हुए लिखा कि निर्मोही अखाड़ा राम मंदिर की लड़ाई शुरू से लड़ते आये हैं। वे ही पूजा करते आये हैं फिर उन्हें हटा कर वीएचपी ने राम मंदिर पर कब्जा क्यों कर लिया? 80-90 के दशक में वीएचपी ने जो 1400 करोड़ रुपए मंदिर निर्माण में चंदा उगाया था। वह कहां गया? दिग्विजय सिंह ने आगे लिखा कि नरेंद्र मोदी जी वही वीएचपी के कर्ता-धर्ता चंपत राय ने न्यास द्वारा उगाये चंदा से जमीन खरीदी घोटाले करोड़ों का घपला किया क्या? आपने क्या उनसे पूछा? आईटी अधिकारी ने नोटिस दिया था उसे बर्खास्त कर दिया गया था। पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया पर भाजपा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टैग कर लिखा कि लोग पूछ रहे हैं कि क्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोग में वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और बहन मायावती को निमंत्रित किया गया है?

# ट्रक पलटने से 19 गोवंश की मौत, 24 जिंदा बचे

## चालक और परिचालक सहित एक आरोपी मौके से फरार

एजेंसी



**बैतूल।** बैतूल में गोवंश से भरा एक ट्रक नाले में पलट गया, जिससे 19 गोवंश की मौत हो गई जबकि, 24 जिंदा बचे गए। बताया जा रहा है कि इन सभी को महाराष्ट्र के कतलखाने ले जाया जा रहा था। जैसे ही इसकी खबर राष्ट्रीय हिन्दू सेना को मिली, तत्काल प्रभाव से उन्होंने आइशर ट्रक पकड़ने की कोशिश की।

बैतूल में गोवंश से भरे ट्रक के पलटने से 19 गोवंश की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रक में 43 गोवंश थे, इन सभी को महाराष्ट्र के कतलखाने ले जाया जा रहा था। जैसे ही इसकी खबर राष्ट्रीय हिन्दू सेना को मिली, तत्काल प्रभाव से उन्होंने आइशर ट्रक पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान ट्रक पलट गया, जिसमें 19 गोवंश की मौत हो गई, वहीं 24 गोवंश जिंदा बचे हैं, जिनमें से कई घायल हो गए हैं। सूचना मिलने पर आठनेर पुलिस भी मौके पर पहुंची है। हालांकि इस घटना के बाद ट्रक चालक और परिचालक सहित एक आरोपी मौके से फरार हो गए हैं।

**राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने पकड़ा ट्रक**

राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह परमार के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में गौ रक्षा का अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार की रात्रि करीब 2 बजे गोवंश की तस्करी की सूचना मुखबिर से मिली थी। तभी संगठन के पदाधिकारी गोवंश तस्करों को पकड़ने के लिए रात्रि 3 बजें से सक्रिय हो गए थे। पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना देकर गाड़ी को पकड़ने की योजना बनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि एक लाल कलर की आईसर गाड़ी में गोवंश को भरा गया है। जिसके बाद आठनेर पुलिस ने ट्रक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन भागते समय गाड़ी नाले में पलट गई और आरोपी फरार हो गए।

# एक नज़र

## हिमाचल में खुलेंगे वाहन स्क्रैपिंग और ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर, 31 मार्च तक ई-चालान व्यवस्था



**एजेंसी,शिमला।** प्रदेश में 15 साल पुराने सरकारी वाहनों को स्क्रैप किया जाएगा। इस साल राज्य में छह पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग और ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर की सुविधा शुरू होगी।

हिमाचल प्रदेश में 15 साल पुराने सरकारी वाहनों को स्क्रैप किया जाएगा। इस साल राज्य में छह पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग और ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर की सुविधा शुरू होगी। वाहन स्क्रैपिंग सेंटर स्थापित करने के लिए 31 जनवरी तक इच्छुक लोगों से निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को शिमला में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। कहा कि 15 साल पूरी कर चुकी सरकारी गाड़ियों का पंजीकरण रद्द हो चुका है। ये गाड़ियां अब अवैध मानी जाएंगी और इन्हें पोर्टल से हटा दिया गया है। इन गाड़ियों को अब स्क्रैप किया जाएगा। सरकारी स्तर पर अब सिर्फ इलेक्ट्रिक गाड़ियों की ही खरीद होगी। प्रदेश में 31 मार्च 2024 तक पूरी तरह से ई-चालान की व्यवस्था लागू होगी। परिवहन विभाग के 12 बैरियर 30 जून तक इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ेंगे। वहीं, स्कूलों में भी ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए अभियान चलाने की कोशिश की जाएगी। इसके तहत 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले बच्चों के लाइसेंस बनाए जाएंगे।

## कांग्रेस नेता इमरान के राम के वंशज वाले बयान का पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह ने किया समर्थन



**रोहतास।** राजद नेता सुधाकर सिंह ने कांग्रेस नेता इमरान मसूद के राम के वंशज वाले बयान का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। वहीं, उन्होंने शिक्षा मंत्री के मंदिर विरोधी बयान का भी बचाव किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इमरान मसूद की ओर से भगवान राम को सभी लोगों के आराध्य बताए जाने वाले बयान पर राजद विधायक सह बिहार के पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। सुधाकर सिंह राष्ट्रीय जनता दल के जन संवाद कार्यक्रम में रोहतास के सासाराम पहुंचे थे। यहां उन्होंने कहा कि अगर कोई नेता खुद को भगवान राम का वंशज बताते हैं तो इसमें आश्चर्य की बात नहीं है। सुधाकर सिंह ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि बाहर से भारत में कई हमलावर आए, लेकिन बाकी जितने लोग यहां हैं वे मूलतः भारतीय ही हैं। समयांतराल पर काफी लोगों ने धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध और जैन धर्म को अपनाया। ऐसे में अगर उन्हें लगता है कि वे भगवान राम के वंशज हैं तो इसमें किसी को आपत्ति भी नहीं होनी चाहिए। वहीं, बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री द्वारा दिए गए मंदिर विरोधी बयान का बचाव करते हुए सुधाकर सिंह ने कहा कि तुलसीदास द्वारा रचित रामायण में कुछ तथ्य बाद में ऐसे जोड़े गए जो मर्यादा के अनुकूल नहीं हैं। रामायण संस्कृत में लिखी गई थी और जब अवधि में इसका अनुवाद किया गया तो कुछ शब्दों के अर्थ बदल दिए गए या कुछ नए शब्द जोड़ दिए गए, जो सभ्य समाज के लिए अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे शब्दों को अध्ययन और रिसर्च करके हटा देना चाहिए। इसके साथ ही सीट बंटवारे के सवाल पर सुधाकर सिंह ने बताया कि सीटों के बंटवारे, संख्या और किस सीट पर कौन सी पार्टी चुनाव लड़ेगी। इसको लेकर 'इंडिया' की लगातार बैठकें हो रही है। लगभग सभी चीजें तय हो चुकी हैं और खरमास के बाद शुभ दिन देखकर इसकी घोषणा भी कर दी जाएगी।

## जिलाबदर आदेश की अवहेलना करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने संतोष को न्यायालय में किया पेश



**जगदलपुर।** शासन के द्वारा युवक को जिला से बाहर भेजने के बाद भी वह शहर में आकर जुआ खेल रहा था, जिसकी सूचना पर बस्तर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। बस्तर पुलिस के द्वारा जिला बदर किये गए आरोपी के ऊपर फिर से कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि शासन के द्वारा युवक को जिला से बाहर भेजने के बाद भी वह शहर में आकर जुआ खेल रहा था, जिसकी सूचना पर बस्तर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। दरअसल शहर के संतोषी वार्ड में रहने वाले व्यक्ति को बस्तर कलेक्टर के द्वारा 10 अगस्त 2023 को जिला बदर आदेश जारी कर आरोपी संतोष उर्फ़ टिरली को एक वर्ष के लिए बस्तर जिला छोड़ने निर्देश किया गया था, संतोष के द्वारा आदेश की अवहेलना करते हुए जगदलपुर के संतोषी वार्ड में अपने साथियों के साथ मिलकर जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। जिसे मौके से गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

# धरने पर बैठे बुजुर्ग की ठंड लगने से बिगड़ी तबीयत

## ग्रामीणों का 70 दिन से चल रहा है आंदोलन

एजेंसी



**सोनीपत (हरियाणा)।** सोनीपत के गांव जुआं के ग्रामीण 70 दिन से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक उन्हें प्लॉटों पर कब्जा नहीं दिलाया गया है। जिला पार्षद संजय बड़वासनी ने कहा कि 100-100 गज के प्लॉटों पर कब्जा दिलाने की मांग को लेकर यह प्रदर्शन चल रहा है।

सोनीपत लघु सचिवालय के सामने धरने पर बैठे गांव जुआं निवासी बीपीएल पात्र बुजुर्ग सूरजभान की ठंड लगने से तबीयत बिगड़ गई। जिला पार्षद संजय बड़वासनी ने धरना स्थल पर जाकर सूरजभान की तबीयत के बारे में जानकारी ली। इसके बाद सूरजभान को उनके घर भेज दिया गया। जिला पार्षद संजय बड़वासनी ने कहा कि 100-100 गज के प्लॉटों पर कब्जा दिलाने की मांग को लेकर गांव जुआं के ग्रामीण 70 दिन से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक उन्हें प्लॉटों पर कब्जा नहीं दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन को जल्द कार्रवाई करनी चाहिए जो कार्य 5 दिन का है उसमें 70 दिन से भी अधिक का समय लगा दिया गया है। यह बीपीएल परिवारों के साथ अन्याय है। उनके हक की आवाज किसी भी सूरत में नहीं बने दबाने दी जाएगी। इस दौरान मोहम्मद सिंह, प्रदीप कुमार समेत अन्य ग्रामीण धरने पर मौजूद रहे।

# राजस्थान सरकार ने जारी किया विशेष आदेश

## मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के दिन विशेष आरती और सजावट की जाएगी

एजेंसी



**राजस्थान।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन राजस्थान के सभी सरकारी व गैर सरकारी मंदिरों में सजावट करने के निर्देश राज्य सरकार ने जारी कर दिए हैं। आदेशानुसार 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में राज्यभर के समस्त राजकीय मंदिरों में विशेष सजावट और विद्युत रोशनी सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन राजस्थान के सभी मंदिरों दिवाली मनाई जाएगी। राज्य सरकार ने आदेश जारी किए हैं कि इस अवसर पर राज्यभर के समस्त अराजकीय मंदिरों और मंदिरों परिसरों की साफ-सफाई, मंदिर परिसर में सजावट एवं रोशनी की जाएगी। मंदिरों में जो दिए जालाए जाएंगे वे मिट्टी अथवा गोबर से बनाए जाएंगे। इनके अलावा मंदिर परिसर में सत्संग, सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ करवाए जाएंगे। सभी मंदिरों में अयोध्या मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम लाइव प्रसारित किया जाएगा। इस दौरान मंदिरों में विशेष आरती और सजावट की जाएगी। मंदिर में आरती के बाद प्रसाद का वितरण, मुख्य मंदिरों के आस-पास होर्डिंग व बैनर लगवाने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके लिए देवस्थान विभाग ने शुक्रवार को सभी जिला कलेक्टर्स को आदेश जारी कर दिए हैं।

# सांबा में हत्या कर अमृतसर में छिपे थे दो आरोपियों ने पुलिस पर चलाई गोली, एक पुलिस कर्मी घायल

एजेंसी

**अमृतसर।** जेएंडके पुलिस ने 25 दिसंबर को सांबा में हत्या का एक मामला दर्ज किया था। जिसमें अतुल और अरुण आरोपी हैं। जेएंडके पुलिस सब इंस्पेक्टर दीपक शर्मा का कहना है कि वे पंजाब पुलिस की मदद से होटल के कमरे में पहुंचे जहां आरोपी छुपे थे।

जम्मू कश्मीर से हत्या कर अमृतसर पहुंचे दो आरोपियों ने पीछा कर रही पुलिस पर गोलियां चला दी। दरअसल जेएंडके पुलिस देर रात्रि हत्यारों की तलाश में अमृतसर के रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में रेड करने के लिए पहुंची। घटना रात ढाई बजे की बताई जा रही है। फायरिंग में एक पुलिस कर्मचारी घायल भी हुआ है। दोनों आरोपियों अरुण चौधरी उर्फ अब्बू और तलुल चौधरी उर्फ रवि को गिरफ्तार कर लिया गया है। घायल पुलिस कर्मी को स्थानीय अमनदीप अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। आरोपियों के खिलाफ अमृतसर थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया है। जेएंडके पुलिस ने 25 दिसंबर को सांबा में हत्या का एक मामला दर्ज किया था। जिसमें अतुल और अरुण आरोपी हैं। जेएंडके पुलिस सब इंस्पेक्टर दीपक शर्मा का कहना है कि वे पंजाब पुलिस की मदद से होटल के कमरे में पहुंचे जहां आरोपी छुपे थे। उनको देख आरोपियों ने पुलिस पर गोली चला दी जिसमें एक पुलिस कर्मी घायल हो गया है।

# सिविल अस्पताल के क्वार्टर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

## महिला कर्मी का दामाद और कुत्ता जिंदा जले

एजेंसी



**कपूरथला,चंडीगढ़।** मौके पर मौजूद जीत बहादुर व अन्य लोगों ने बताया कि क्वार्टर में अस्पताल में लेवल फोर के पद पर कार्यरत लक्ष्मी अपनी 2 बेटियों पूनम, पूजा व दामाद बीरा के साथ मौजूद थी। देर रात दो बजे बीरा पुत्र कश्मीर के घर में आग लग गई।

कपूरथला सिविल अस्पताल के एक क्वार्टर में देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से एक व्यक्ति तथा पालतू कुत्ते की जिंदा जलने से मौत हो गई। इस घटना में घर का सारा सामान जल कर राख हो गया है और तीन महिलाए घायल भी हुई हैं। बताया जा रहा है कि यह आग शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है, जिस पर फायर ब्रिगेड की टीम ने कई घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। सिटी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौके पर मौजूद पड़ोसी जीत बहादुर व अन्य लोगों ने बताया कि इस क्वार्टर में अस्पताल में लेवल फोर के पद पर कार्यरत रोशनी अपनी 2 बेटियों पूनम, पूजा व दामाद बीरा के साथ रहती थी। देर रात लगभग ढाई बजे बीरा पुत्र कश्मीर के घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। पता चलने पर स्थानीय लोगों ने और फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया है। इस आग में बीरा और एक कुत्ते की मौत हो गयी। जबकि आग लगने से रोशनी, पूजा और पूनम भी झुलस गई। मृतक व्यक्ति के शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है और घायलों में 2 का सिविल अस्पताल कपूरथला और एक का जालंधर में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं सिविल अस्पताल के एसएमओ डॉ. संदीप धवन ने बताया कि देर रात ढाई बजे उन्हें आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद उन्होंने फायर ब्रिगेड को सूचित किया और वह खुद भी मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन इस घटना में महिला कर्मी के घर का सारा सामान जल गया। और महिला कर्मी के दामाद तथा एक कुत्ते की मौत हो गई।

# बगैर मजदूरी किए मनरेगा श्रमिकों के खातों में पहुंची राशि भ्रष्टाचारियों पैसा वापस लिया

संवाददाता




**दौसा।** बगैर काम किए मनरेगा श्रमिकों के बैंक खातों में पैसा जमा होने का मामला सामने आने के बाद भ्रष्टाचारियों के बीच हड़कंप मच गया है। और अब आनन-फानन श्रमिकों के साथ राजीनामा बताकर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। रुपया कमाने के लिए भ्रष्टाचारी नित नए रास्ते ढूंढ ही लेते हैं। हाल ही में मनरेगा श्रमिकों ने शिकायत की है कि लवाण पंचायत समिति की सिंगवाड़ा ग्राम पंचायत में जिम्मेदारों ने भ्रष्टाचार की तमाम हदें पार करते हुए बगैर मजदूरी किए मजदूरों के खातों में पैसे डाले और फिर डरा-धमकाकर उनसे पैसा वापस भी ले लिया। दरअसल मनरेगा श्रमिकों के खातों में जब बगैर मजदूरी किए पैसा आया तो मजदूर चौंक गए लेकिन थोड़े समय बाद ही असलियत सामने आ गई। मनरेगा श्रमिक कौशल्या देवी और भागादेवी की मानें तो जब उनके बैंक खातों में अचानक पैसा आया तो इन मजदूरों ने पैसे की पड़ताल की। बाद में पता चला कि यह पैसा मनरेगा से आया है। श्रमिकों का कहना है कि उन्होंने जब मजदूरी की ही नहीं तो उनके खाते में पैसे कैसे आए और फिर जब आए तो फिर डरा-धमकाकर खातों में आए हुए पैसे वापस क्यों ले लिए। पिछले दिनों ग्राम पंचायत सिंगवाड़ा के मजदूरों ने जिला परिषद में लिखित शिकायत देकर उक्त मामले में जांच की मांग की है। मजदूरों का आरोप है कि विकास अधिकारी, जेईएन, एईएन, ग्राम विकास अधिकारी और सरपंच की मिलीभगत से जेसीबी से कार्य करवाकर मजदूरों के खातों में मनरेगा से भुगतान करवाया गया और बाद में मेट की सहायता से मजदूरों के बैंक खातों मे आया भुगतान वापस ले लिया गया। मजदूरों द्वारा जब जिला परिषद में शिकायत की गई तो आनन-फानन में राजीनामा दिखाकर मामले को दबाने की कोशिश की गई। सिंगवाड़ा में 7 जनवरी 2024 को विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंप में मजदूरों ने लिखित शिकायत कैंप प्रभारी एवं भाजपा के प्रतिनिधि विजय बैरवा जिला कोषाध्यक्ष एससी मोर्चा को दी थी। विजय बैरवा ने बताया कि इस मामले पर उन्होंने नोडल अधिकारी रामदयाल शर्मा से बात की तो रामदयाल ने बताया कि इस मामले की जांच जिला परिषद एक्सईएन के पास विचाराधीन है।

# हिंदू विरोधी है कंग्रेस, राम मंदिर ट्रस्ट ने भेजा है निमंत्रण अस्वीकाराः गिरिराज सिंह



**रायपुर।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह रायपुर पहुंचे। जहां उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा समेत तमाम जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट ने सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को निमंत्रण भेजा है, लेकिन वे नहीं जा रहे हैं क्योंकि वे हिंदू विरोधी हैं। आगे केन्द्रीय मंत्री ने कहा मैं जिस विभाग का मंत्री हूं उस विभाग का नाम है पंचायती राज ग्रामीण विकास। यहां के ग्रामीणों को पुरानी सरकार ने जिस ढंग से लूटा उसी को मैं ठीक करने आया हूं। छत्तीसगढ़ सरकार कैसे बेहतरी के काम करे उसके लिए सब के साथ बैठक करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध खनन के विरुद्ध डीएसटी व पुलिस की कार्रवाई

## चार जेसीबी व दो ट्रैक्टर जब्त, छह आरोपी गिरफ्तार



एजेंसी

**बीकानेर।** जिले में जिप्सम पाउडर, बजरी और व्हाइट क्ले के अवैध खनन पर शुक्रवार देर रात को मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया। डीएसटी एवं दंतौर थाना पुलिस ने कुम्हारवाला डेर में अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई की।

पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम के मुताबिक कुम्हारवाला डेर में अवैध खनन की सूचना मिली। इस पर शुक्रवार रात को एएसपी (ग्रामीण) डॉ. प्यारेलाल शिवरान के नेतृत्व में डीएसटी प्रभारी कुलदीप सिंह चारण व दंतौर थाना पुलिस ने दबिश दी। बताया जा रहा है कि पुलिस टीम जब वहां पहुंची, तब जेसीबी मशीनों से खनन किया जा रहा था। पुलिस को देखकर व मौजूद लोग हड़बड़ा गए और भागने लगे। जिसके बाद पुलिस ने आसपास के इलाके की घेराबंदी कर आरोपियों को दबोचा। बता दें कि पुलिस ने मौके से चार जेसीब मशीन, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली, डंपर, मशीन को जब्त किया है। पुलिस ने दंतौर के 6 पीआरए निवासी कुलदीप गोदारा, गाढ़वाल निवासी अशोक, श्री बालाजी के मकौड़ी गांव निवासी बालाराम श्यामसर निवासी शेराराम अर्जुनराम, दंतौर के कुम्हारों का डेर निवासी छगन महिया को पकड़ा है। पुलिस की इस कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी कुलदीप चारण, डीएसटी के एएसआई राम करन, हेड कांस्टेबल अब्दुल सत्तार, लखविंदर सिंह, देवेन्द्र, राजेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# घर में लगातार छठी टी20 सीरीज जीता भारत, 15 सीरीज से अजेय, अफगानिस्तान को छह विकेट से हराया

दूसरा टी20 जीतने के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज भी अपने नाम कर ली। भारत ने घरेलू जमीन पर लगातार छठी टी20 सीरीज जीती है। इसके साथ ही घर में लगातार 15वीं सीरीज में भारत के अजेय रहने का रिकॉर्ड कायम है। भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैच की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला टीम इंडिया ने छह विकेट से जीत लिया। यह मैच जीतने के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज भी अपने नाम कर ली। भारत ने घरेलू जमीन पर लगातार छठी टी20 सीरीज जीती है। इसके साथ ही घर में लगातार 15वीं सीरीज में भारत के अजेय रहने का रिकॉर्ड कायम है। अपने घर में भारत आखिरी सीरीज फरवरी 2019 में हारा था। इसके बाद खेली गई 15 सीरीज में दो बराबरी पर छूटी हैं और 13 भारत के नाम रही हैं। दोनों ड्रॉ सीरीज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई थीं। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने आई अफगानिस्तान की टीम ने 20 ओवर में सभी 10 विकेट खोकर 172 रन बनाए। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 15.4 ओवर में चार विकेट खोकर 173 रन बना लिए और छह विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। अफगानिस्तान के लिए गुलबदीन नईब ने 57 रन बनाए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने तीन और रवि बिश्नोई-अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिए। भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने 68 और शिवम दुबे ने नाबाद 63 रन बनाए। अफगानिस्तान के करीम जनत ने दो विकेट लिए। यह रोहित शर्मा का 150वां अंतरराष्ट्रीय टी20 मैच था। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बने। इस मामले में उनके बाद आयरलैंड के लिए 134 मैच खेलने वाले पॉल स्टर्लिंग हैं। हालांकि, शून्य के स्कोर पर आउट होने के साथ ही रोहित ने शर्मनाक रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। वह 12 बार अंतरराष्ट्रीय टी20 में शून्य पर आउट हो चुके हैं। रोचक बात यह है कि इस मामले में उनसे आगे सिर्फ पॉल स्टर्लिंग हैं, जो 13 बार शून्य पर आउट हुए हैं।

**गुलबदीन ने अफगानिस्तान को 172 रन तक पहुंचाया**

अक्षर पटेल (2/17) की बेहतरीन गेंदबाजी के बावजूद अफगानिस्तान 172 रन बनाने में सफल रहा। यह गुलबदीन की 35 गेंद में खेली गई 57 रन की पारी रही, जिसने अफगानिस्तान को इस स्कोर तक ले जाने में मदद की। अंत में मुजीब उर रहमान की नौ गेंद में 21 और करीम जनत की 10 गेंद में 20 रन की पारी ने अफगानिस्तान को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। अंतिम ओवर में अफगानिस्तान के चार विकेट गिरे, जिससे उसकी पारी सिमट गई। अर्शदीप ने 32 रन देकर तीन विकेट लिए।




**गिल और तिलक को नहीं मिली टीम में जगह**

रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। 14 माह बाद टी-20 टीम में विराट कोहली की वापसी हुई। उन्हें तिलक वर्मा की जगह मौका मिला। वहीं शुभमन गिल के स्थान पर यशस्वी जायसवाल को शामिल किया गया। रहमानुल्लह गुरबाज ने नौ गेंद मे 14 रन बनाकर तेज शुरुआत दी, लेकिन चौथे ही ओवर में रवि बिश्नोई ने आते ही उन्हें लांग ऑन पर शिवम के हाथों के कैच करा दिया। इसके बाद गुलबदीन ने मोर्चा संभाल लिया। पहले उन्होंने मुकेश पर लगातार दो चौके लगाए। इसके बाद रवि पर छक्का और दो चौके लगाकर पांचवें ओवर में अफगानिस्तान को 50 रन पर पहुंचा दिया। अक्षर ने आते ही कप्तान इब्राहिम जादरान (8) को बोल्ड किया। छह ओवर में अफगानिस्तान का स्कोर दो विकेट पर 58 रन था।

**गुलबदीन ने 28 गेंद में पूरा किया अर्धशतक**

शिवम दुबे ने पिछले मैच की चमक यहां भी बिखेरी और अपने पहले ही ओवर में ओमरजई (2) को बोल्ड कर दिया। हालांकि गुलबदीन ने आक्रामक खेल जारी रखा। नौवें ओवर में उन्होंने शिवम के ओवर में दो छक्के लगाए। इसके बाद उन्होंने 28 गेंद में अपना दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक पूरा किया। 10 ओवर में अफगानिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 81 रन था। अक्षर पटेल ने पिछले मैच की तरह यहां भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने खतरनाक बन चुके गुलबदीन को मिडविकेट पर रोहित के हाथों कैच कराया। गुलबदीन ने 35 गेंद में पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 57 रन बनाए। अक्षर ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन दिए और दो विकेट लिए।

**14वें ओवर में 100 रन के पार पहुंचा अफगानिस्तान**

गुलबदीनके आउट होने के बाद अफगानिस्तान के रनों की रफ्तार कुछ धीमी हो गई। 14वें ओवर में मेहमान टीम 100 के स्कोर को छू पाई। इस दौरान नबी का विकेट कीपर जितेश ने कैच भी छोड़ा, लेकिन रवि ने 15वें ओवर में उन्होंने लांग ऑफ पर रिंकू के हाथों कैच करा दिया। उन्होंने 18 गेंद में 14 रन बनाए। अफगानिस्तान ने 15 ओवर में 109 रन पर पांच विकेट खो दिए थे।

**अंतिम पांच ओवर में बने 63 रन**

नजीबुल्लह जादरान ने पारी के 17वें ओवर में रवि बिश्नोई पर दो छक्के और चौका लगाकर स्कोर को बढ़ाया, लेकिन अगले ओवर में अर्शदीप ने उन्हें बोल्ड कर दिया। उन्होंने 21 गेंद में 23 रन बनाए। 19वें ओवर में करीम जनत ने शिवम पर चौका और छक्का लगाया। इसके बाद मुजीब उर रहमान ने भी छक्का जड़ अफगानिस्तान को 150 पार पहुंचा दिया। जनत (20) को अर्शदीप ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर आउट किया। मुजीब भी इसी ओवर में नौ गेंद में 21 रन बनाकर रन आउट हुए। अफगानिस्तान ने अंतिम पांच ओवर में 63 रन बनाए।

**यशस्वी ने की तूफानी शुरुआत**

173 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने पहले ही ओवर में कप्तान रोहित को खो दिया। हालांकि, यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली ने पहली गेंद से ही आक्रामक बल्लेबाजी की। जायसवाल ने मुजीब के दूसरे ओवर में 19 रन बटोरे और पांचवें ओवर में ही भारत का स्कोर 50 रन के पार पहुंचा गया। इसके बाद विराट कोहली 16 गेंद में पांच चौकों की मदद से 29 रन बनाकर आउट हो गए। नवीन उल हक ने उन्हें इब्राहिम के हाथों कैच कराया।

**जायसवाल-दुबे ने खत्म किया मैच**

विराट के आउट होने के बाद यशस्वी और शिवम ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। जायसवाल ने 10वें ओवर में अपना अर्धशतक और टीम का शतक पूरा किया। उन्होंने 27 गेंद में अर्धशतक लगाया। 12वें ओवर में शिवम दुबे ने भी अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।

# मॉरिशस प्रदेश में एक और भारत





प्रसिद्ध लेखक मार्क ट्वेन ने एक बार कहा था कि ईश्वर ने पहले मॉरीशस बनाया और फिर उसमें से स्वर्ग की रचना की। विमान मॉरीशस की जमीन को छुए उससे पहले ही आपको मार्क ट्वेन के इस बयान की हकीकत सामने आ जाती है कि क्यों उन्होंने यह बयान दिया होगा। हरे-भरे लैंडस्केप, गर्व से माथा उठाये खड़ी पहाड़ियां, पहाड़ियों के बीच की दरारों से टकराती हुई समुद्री लहरें, सफेद चमकते हुए बालू वाले तट और लहलहाते हुए नीले रंग के पानी का एक खूबसूरत कंट्रास्ट। समुद्र के किनारे खड़े होकर आप प्राकृतिक सौंदर्य की पराकाष्ठ के दर्शन कर सकते हैं। एयरपोर्ट से पोर्ट लुई की तरफ जाते हुए भारत में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तरह दूर-दूर तक फैले हुए गन्ने के विस्तृत खेत, महाराष्ट्र के खेतों की तरह काली मिट्टी के खेत, कोंकण और केरल के बरसाती गांवों जैसे गांव के परिदृश्य, बिहार के आरा के किसी गांव की तरह भोजपुरी बोलते लोग। यह सब देखकर लग रहा था कि मानो इसीलिए मॉरीशस के बारे में कहा जाता है कि भारत से दूर एक और भारत है। लघु भारत, अपना भारत। जहां पंचवटी भी है और चित्रकूट भी, गंगासागर भी है और इन्हें मानने वाले खुशमिजाज लोग भी। भारत के गिरमिटियों की कहानियां पढ़ते-सुनते यही पाया कि कभी भारत के अभावग्रस्त लोगों को बहकाया गया था कि चलो मॉरीशस.. ऐसा जादुई देश, जहां जिस भी पत्थर को पलटोगे, उसके नीचे सोना मिलेगा। भला ऐसा कहीं संभव है कि पत्थर के नीचे सोना छिपा हुआ हो, लेकिन इसे उनके कठिन परिश्रम का प्रतिफल ही कहेंगे कि जिस सपने को दिखाकर, ठगकर उन्हें यहां लाया गया, उन्होंने उसी सपने को साकार कर दिखाया। सबसे पहले तो उन्होंने आजादी की जंग छेड़ कर मॉरीशस को अपने नाम किया और फिर मॉरीशस को अपने खून-पसीने की कमाई से विश्व मानचित्र पर स्थापित कर दिया। हम पोर्ट लुई से आगे समुद्र तट पर बने एक रिसॉर्ट में रुके। दो मित्र साथ थे। रास्ते भर मॉरीशस के इतिहास, समाज, अर्थव्यवस्था पर बात होती रही, लेकिन मन बार-बार खिड़की के बाहर बरबस जा टिकता था। दूर पहाड़ियों से खेलते हुए बादल, साफ-सुथरी सड़कें, हरियाली। होटल खूबसूरत था, एक ड्रीम लैंड की तरह। जहां के एक छोर से आप अनंत को देख सकते हैं एक नीला अनंत, दूर कहीं जैसे क्षितिज और समंदर की किसी ने आपस में तुरप दिया हो, बस सूरज के आने-जाने को एक छोटी-सी पगडंडी छोड़ दी हो.. मैं सामने सूरज को समंदर में गिरते देख रहा हूं।



अगली सुबह मॉरीशस घूमने निकले, तो सबसे पहले अप्रवासी घाट पहुंचे। सामने हैं अप्रवासी घाट की वे सीढ़ियां, जिन पर चढ़कर एग्रीमेंट वाले वे मजदूर मॉरीशस की किस्मत बदलने के लिए उतरे थे। आज यूनेस्को ने उस स्थान को विश्व-धरोहर घोषित कर दिया है। अप्रवासी घाट देखते-देखते मन गर्व से भर गया। परिश्रम के दुखों और अभावों पर जीत का शायद ही इससे बेहतर उदाहरण आपको कहीं और देखने को मिले। मैं यही सोच रहा था कि कैसे आए होंगे, कैसे उतरे होंगे, कैसे खुद को संभाला होगा, कैसे मन को मनाया होगा, कैसे धीर धरा होगा, कैसे साथियों को सहारा दिया होगा? जबरदस्ती, प्रलोभन और धोखे का प्रतिफल- एक निर्जन टापू। अपनी जमीन, अपने आसमान से इतना दूर, समंदर के बीच में उमड़ती-घुमड़ती भावनाओं का संदेशा अपनों तक भेजना हो, तो शायद यक्ष का बादल भी थक जाए। और फिर शुरू हुई होगी कहानी निर्माण की। वे सीढ़ियां अभी तक सलामत हैं, जिनसे वे पहली बार इस टापू पर चढ़े थे। सालों पहले भारत से लाए गए पूर्वजों की उस अथक मेहनत को प्रणाम है, जिन्होंने इस निर्जन टापू को इतना खूबसूरत बना दिया कि दुनिया के हर कोने से सैलानी यहां घूमते दिखते हैं। परिश्रम व अनुशासन यहां के नागरिकों को विरासत में मिला है। हमेशा मुस्कुराते रहने वाले मेहनतकश लोग। राष्ट्रीय गर्व ओर अस्मिता पर स्वाभिमान। भारत से जुड़े होने का गर्व भी और स्वायत्त तंत्र के निर्माण का स्वाभिमान भी। मॉरीशस के किसी गांव में आपको विशुद्ध भारतीय परिधान साड़ी पहनकर झूमर, सोहर, कजरी या रतवाई गाती हुई महिलाएं दिखें, तो आश्चर्यचकित मत होइए। मॉरीशस के एक प्रसिद्ध लेखक का मानना है कि ये महिलायें ही हैं, जिन्होंने हमारे संस्कारों, परंपराओं, भाषाओं और हमारे भीतर भारत को जिंदा रखा है। हर घर के बाहर तुलसी के चौरे पर जलने वाला दिया हमें हमारे अतीत से जोड़े रखता है। मॉरीशस के उत्तरी भाग में स्थित महेश्वरनाथ मंदिर ट्रायोलेट शिवाला के नाम से भी चर्चित है। वास्तव में यह मंदिर दो सदियों से मॉरीशस में हिंदू पहचान का प्रतीक है। पूर्वी मॉरीशस में एक मनोरम द्वीप पर अत्यंत दर्शनीय सागर शिव मंदिर है। चारों तरफ से आती समुद्री लहरों और समुद्री हवाओं के बीच फहराता हुआ सागर शिव मंदिर का ध्वज मानो उद्घोष करता है कि मॉरीशस में भारतीयता की कीर्ति पताका हमेशा ऊंची रहेगी। शाम को हम गंगा तालाब गए, जहां एक और दर्शनीय स्थल है।

# नवंबर की छुट्टियां में दोस्तों संग सस्ते घूम आए ये छह खूबसूरत जगहें





घूमने के शौकीन किसी भी पल सैर के लिए निकल पड़ते हैं। वहीं नवंबर का पहला सप्ताह त्योहारों के साथ छुट्टियों से भरा हुआ होगा। इस दौरान 4 को दिवाली, 5 को गोवर्धन पूजा, 6 नवंबर को भाई दूर तो 7 नवंबर को रविवार की छुट्टी होगी। ऐसे में आप चाहे तो इन 4 दिनों के लिए कहीं घूमने के मिनी ट्रिप प्लान कर सकते हैं। आप इस दौरान दोस्तों व पार्टनर के साथ 10,000 रुपए के बजट में आसानी से घूम सकती है।

**तीर्थन घाटी (हिमाचल प्रदेश)**

भारत में बसा हिमाचल प्रदेश खूबसूरती से भरा हुआ है। यहां पर स्थित तीर्थन घाटी धरती पर स्वर्ग का एहसास करवाती है। यह हिमालय नेशनल पार्क से करीब 3 किलोमीटर की दूरी पर है। बता दें, यह खूबसूरत जगह पर्यटकों द्वारा ट्राउट मछली के लिए लोकप्रिय है। आप यहां पर 10,000 में आसानी से घूमकर अपनी छुट्टियां एन्जॉय कर सकते हैं।



**बीर बिलिंग (हिमाचल प्रदेश)**

आप हिमाचल के बीर बिलिंग में भी घूमने जा सकते हैं। दोस्तों व पार्टनर के साथ घूमने के लिए यह बेस्ट जगह मानी गई है। बीर बिलिंग पैराग्लाइडिंग, ट्रेक या मेडिटेशन के लिए देशभर में मशहूर है। यहां पर आपको तिब्बती संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। आप यहां पर 10,000 रुपए के बजट में मिनी ट्रिप आसानी से प्लान कर सकते हैं।

**मुक्तेश्वर (उत्तराखंड)**

देव भूमि उत्तराखंड में स्थित मुक्तेश्वर प्राकृतिक नजारों से भरा गांव है। यहां पर लोग खासतौर पर ट्रेकिंग, पैराग्लाइडिंग, बाइकिंग, राफ्टिंग का मजा लेने आते हैं। ऐसे में अगर आप भी एडवेंचर के शौकीन है तो यहां घूमने का जा सकते हैं।

**रानीखेत (उत्तराखंड)**

घूमने के लिए उत्तराखंड बसा रानीखेत भी टूरिस्ट द्वारा बेहद लोकप्रिय है। नेचर लवर्स के लिए रानीखेत बेस्ट प्लेस मानी जाती है। आप नवंबर में यहां पर छुट्टियां बिता सकते हैं। रानीखेत में आप पैराग्लाइडिंग, बाइक राइडिंग, राफ्टिंग का मजा ले सकते हैं। इसके साथ ही यहां पर स्थित झूला देवी मंदिर के दर्शन भी कर सकते हैं।




**माउंट आबू (राजस्थान)**

अगर आप राजस्थान या इसके आसपास रहते हैं तो माउंड आबू घूमने जा सकते हैं। यह राजस्थान का इकलौता व बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। सालभर यहां पर देश-विदेश से घूमने के लिए लोग आते हैं। माउंट आबू में आपको शांति व सुकून का एहसास होगा। यहां की नाक्की झील आकर्षण का मुख्य केंद्र है। इसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं।

**औली (उत्तराखंड)**

अगर आप ठंडी जगह पर घूमना चाहते हैं तो आपके लिए उत्तराखंड में औली एकदम परफेक्ट रहेगा। यहां आप दोस्तों व पार्टनर के साथ घूमने का प्लान कर सकते हैं। औली में चारों ओर हरियाली व सूरज की किरणों का नजारा किसी का भी मन आसानी से जीतने का काम करता है। आप यहां पर ट्रेकिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा इस खूबसूरत जगह पर की यादें अपने कैमरे में कैद करना ना भूलें।

# पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए बेस्ट रहेंगी ये जगह





घूमने का तो लगभग हर किसी को शौक होता है। मगर अक्सर लोग बजट हिल ना जाने के कारण परेशान रहते है। ऐसे में आज हम आपको भारत की 3 खूबसूरत व रोमांटिक जगहों के बारे में बताते हैं जो पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए एकदम परफेक्ट रहेगी। यहां पर आप पार्टनर के साथ रोमांटिक पलों को एन्जॉय कर सकते हैं। साथ ही ये ट्रिप बजट में भी रहेंगे। पार्टनर के साथ घूमने के लिए हिमाचल प्रदेश का कसोल एकदम परफेक्ट रहेगा। यह एक छोटा सा मगर खूबसूरत हिल स्टेशन है। मगर आपको यहां पर हर तरह की सुविधा आसानी से मिल जाएगी। आबादी कम होने से आप यहां पर शांति से पार्टनर के साथ रोमांटिक पलों एन्जॉय कर सकते हैं। ऐसे में आप अपने इस रोमांटिक ट्रिप को बजट में प्लान कर सकती है। मुंबई में रहने वाले लोग पार्टनर के साथ रोमांटिक शाम बीताने के लिए जुहू बीच का प्लान कर सकते हैं। यहां पर आप पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बीताने के साथ खूबसूरत शाम का मजा ले सकते हैं। यहां शाम के समय आप पार्टनर के साथ समुद्र के किनारे घूमने का लुत्फ उठा सकते हैं। यकीन मानिए यहां पर सनसैट का नजारा आपको बेहद ही पसंद आएगा। इसके अलावा अगर आप मुंबई के आसपास रहते हैं तो भी यहां घूमने जा सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा खर्च करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। पार्टनर के साथ घूमने के लिए आप दक्षिण भारत का प्लान कर सकती है। आप केरल में पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बीता सकते हैं। यहां पर आप चारों ओर हरियाली व नारियल के पेड़ को देखने और यहां तस्वीरें खींचवाने का मजा ले सकते हैं। यहां पर ट्री हाउस व हाउस बोट पर पार्टनर के साथ टाइम स्पेंड करने की बेस्ट जगह रहेगी। ऐसे में आप बजट में आपनी छुट्टियों का मजा ले सकते हैं।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एवं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।